सोमवार

30 अक्टूबर 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज




पावर स्टार पवन सिंह राजनीति में उतरने को बेताब

2

**प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ**

## पीएम मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति से की बात

**नई दिल्ली।** इजरायल और फिलिस्तीन के चरमपंथी संगठन हमास के बीच के संघर्ष में अब तक हजारों जानें जा चुकी हैं। इस पर दुनिया भर में छिड़े विवाद के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल सीसी से फोन पर बात की। पीएम मोदी ने शनिवार को अल सीसी को फोन करके वेस्ट एशिया में बढ़ती असुरक्षा और आतंकवाद को लेकर चिंता जताई है। इसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने रविवार को ट्विटर पर दी है। पीएम ने लिखा, कल हमारी बात राष्ट्रपति अल सीसी से हुई। हमने पश्चिमी एशिया में बढ़ती चुनौतियों को लेकर चर्चा की। हम दोनों ने ही आतंकवाद, हिंसा और खतरे में पड़ती नागरिकों की जिंदगी पर चिंता जताई। हम दोनों ने ही क्षेत्र में शांति बहाल करने व मानवीय सहायता सुनिश्चित करने पर सहमति जताई है।

# त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की महक हो: मोदी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का 106वां एपिसोड प्रसारित हुआ
- पीएम बोले- सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर मेरा युवा भारत संगठन की रखी जाएगी नींव, इससे जुड़ें युवा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात का रविवार 106वां एपिसोड प्रसारित हुआ। सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री देश को संबोधित किया। आकाशवाणी पर मन की बात का सीधा प्रसारण किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर दिल्ली में खादी की रिकॉर्ड बिक्री हुई। कनाट प्लेस के खादी स्टोर से ही एक दिन में डेढ़ करोड़ रुपये से ज्यादा का सामान बिका। खादी महोत्सव में भी बिक्री के अपने सारे पुराने रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। खादी की बिक्री बढ़ने का मतलब है कि इसका फायदा शहर से लेकर गांवों तक पहुंच रहा है। इससे हमारे बुनकर, हस्तशिल्प के कारीगर, किसान सबको लाभ मिल रहा है। यही वोकल फॉर लोकल अभियान की ताकत है। प्रधानमंत्री ने त्योहारों पर स्वदेशी सामान ही खरीदने की अपील की ताकि सभी देशवासियों को इसका फायदा मिल सके।

### भगवान बिरसा मुंडा हम सब के ह्रदय में बसे हैं

15 नवंबर को पूरा देश जनजातीय गौरव दिवस मनाएगा। यह विशेष दिन भगवान बिरसा मुंडा की जन्म जयंती से जुड़ा है। भगवान बिरसा मुंडा हम सब के ह्रदय में बसे हैं। सच्चा साहस क्या है और अपनी संकल्प शक्ति पर अडिग रहना किसे कहते हैं, ये हम उनके जीवन से सीख सकते हैं। भगवान बिरसा मुंडा ने कभी विदेशी शासन को स्वीकार नहीं किया। उन्होंने ऐसे समाज के बारे में सोचा, जहां कोई अन्याय ना हो। भगवान बिरसा मुंडा ने प्रकृति के साथ सद्भाव से रहने पर भी जोर दिया। आज भी आदिवासी वर्ग के लोग प्रकृति की देखभाल और उसके संरक्षण के लिए समर्पित हैं। हम सब के लिए आदिवासी भाई-बहनों का काम बहुत प्रेरणादायी है। प्रधानमंत्री ने कहा '30 अक्टूबर को गोविन्द गुरु जी की पुण्यतिथि भी है। हमारे गुजरात और राजस्थान के आदिवासी और वंचित समुदायों के जीवन में गोविन्द गुरु जी का बहुत विशेष महत्व रहा है। गोविन्द गुरु जी को भी मैं अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। नवंबर महीने में हम मानगढ़ नरसंहार की बरसी भी मनाते हैं। में उस नरसंहार में, शहीद मां भारती की, सभी संतानों को नमन करता हूं।

### आज बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है भारत

पीएम मोदी ने कहा कि इस बार त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की महक हो, देश के युवा का टैलेंट हो। इससे देशवासियों को रोजगार मिलेगा। भारत आज बड़ा मैन्युफैक्चरिंग हब बन रहा है और कई बड़े ब्रांड भारत में अपने उत्पाद तैयार कर रहे हैं। अगर हम उन उत्पादों को अपनाते हैं तो इससे मेक इन इंडिया को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही सामान खरीदते हुए यूपीआई डिजिटल पेमेंट सिस्टम से ही भुगतान करें।

पीएम मोदी ने कहा कि 31 अक्तूबर को बहुत बड़े राष्ट्रव्यापी संगठन की नींव रखी जा रही है। वह भी सरदार वल्लभ भाई पटेल साहब की जन्मजयंती पर। यह संगठन का नाम है- मेरा युवा भारत। यानी MYभारत संगठन। यह संगठन भारत सरकार के विभिन्न आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर देगा। यह युवा शक्ति को एक करने का बड़ा प्रयास है। मैं युवाओं से आग्रह करुंगा कि आप सभी मेरे देश के नौजवान। mybharat.gov.in पर रजिस्टर करें और विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल हों। प्रधानमंत्री ने कहा 'मैंने पिछले दिनों देश के हर गांव से, हर घर से मिट्टी संग्रह करने का आग्रह किया गया था। हर घर से मिट्टी संग्रह करने के बाद उसे कलश में रखा गया और फिर अमृत कलश यात्राएं निकाली गईं। देश के कोने-कोने से एकत्रित की गयी ये माटी, ये हजारों अमृत कलश यात्राएं अब दिल्ली पहुंच रही हैं। यहां दिल्ली में उस मिट्टी को एक विशाल भारत कलश में डाला और इस पवित्र मिट्टी से दिल्ली में 'अमृत वाटिका' का निर्माण होगा।

## केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएम विजयन से बात कर घटना की ली जानकारी

# केरल के एर्नाकुलम में प्रार्थना सभा में तीन धमाका, एक की मौत, 52 घायल

- ईसाई समुदाय के कन्वेंशन सेंटर में एक के बाद एक हुए तीन धमाके
- गंभीर रूप से घायलों को कलामासेरी के अस्पताल में कराया गया भर्ती
- अमित शाह ने एनआईए-एनएसजी को घटना की जांच का दिया निर्देश
- डोमिनिक मार्टिन नाम के एक शख्स ने किया सरेंडर, कन्वेंशन सेंटर में बम लगाने का किया दावा

**एजेंसी/एर्नाकुलम**







केरल के एर्नाकुलम में रविवार सुबह ईसाई समुदाय के कन्वेंशन सेंटर में एक के बाद एक तीन ब्लास्ट हुआ। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 52 लोग घायल हैं। गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को कलामासेरी के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ-साथ प्राइवेट अस्पतालों में भी भर्ती कराया गया है। कलामसेरी पुलिस के मुताबिक यह धमाका उस वक्त हुआ, जब करीब दो हजार लोग कन्वेंशन सेंटर में प्रार्थना सभा के लिए जुटे थे। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका सुबह 9 बजे के करीब हुआ। अगले कुछ मिनटों में एक के बाद एक ब्लास्ट हुए।

जानकारी के अनुसार कथित तौर पर यहोवा साक्षी सम्मेलन के दौरान विस्फोट हुआ। धमाके के बाद मुंबई पुणे में भी अलर्ट जारी कर दिया गया है। केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने घटना पर कहा- यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हम इस घटना से जुड़ी जानकारी इकट्ठा कर रहे हैं। सभी अधिकारी एनार्कुलम में हैं। मैंने डीजीपी से बात की है और जांच को लेकर ज्यादा जानकारी जुटा रहा हूं। बताया कि घायलों में से कुछ की हालत गंभीर है। घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन से बात की और कन्वेंशन सेंटर में बम विस्फोट के बाद राज्य की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने एनआईए और एनएसजी को भी मौके पर पहुंचकर घटना की जांच करने का निर्देश दिया। बताया जा रहा है कि त्रिशूर जिले के कोडकारा पुलिस स्टेशन में डोमिनिक मार्टिन नाम के एक शख्स ने यह दावा करते हुए सरेंडर किया है कि उसने ही कन्वेंशन सेंटर में बम लगाया था। उसने खुद को येहोवा विटनेस समुदाय का ही सदस्य बताया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि उसका ब्लास्ट से कोई कनेक्शन है या नहीं। दूसरी तरफ पूरे राज्य में अलर्ट जारी कर दिया गया है। सूबे के सभी 14 जिलों के पुलिस कप्तानों को अपने इलाकों में सख्त सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश जारी किए गए हैं। केरल पुलिस सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर बनाए हुए हैं। पुलिस का कहना है कि गलत सूचना फैलाने वालों, सांप्रदायिक और संवेदनशील पोस्ट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली और मुंबई हाई अलर्ट पर, बढ़ाई गई चौकसी

केरल के कलामासेरी स्थित कन्वेंशन सेंटर में हुए धमाके के बाद दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है। दिल्ली पुलिस ने कहा, स्पेशल सेल लगातार खुफिया एजेंसियों के संपर्क में है और किसी भी इनपुट को हल्के में नहीं लिया जाएगा। भीड़भाड़ वाली जगह पर सुरक्षा के इंतजाम किए जा रहे हैं। भीड़ वाली जगहों पर खास नजर रखी जा रही है। दिल्ली के अलावा मुंबई को भी हाई-अलर्ट पर रखा गया है। यहूदी धर्मस्थलों पर पुलिस की चौकसी बढ़ा दी गई।

### टिफिन में डालकर बनाए गए बम से किया गया धमाका

शुरूआती जांच में मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने बैटरी, वायर और ब्लास्ट के लिए इस्तेमाल किए गए अन्य इंस्ट्रूमेंट बरामद कर लिया है। घटना स्थल से कई अन्य सामान बरामद किए गए हैं जो धमाके की भयावहता को परखने में मददगार साबित होंगे। इसका जो वीडियो सामने आया है, उसमें देखा जा सकता है कि आग की लपटें उठ रही हैं और उसके बीच कुर्सियां गिरी हुई पड़ी हैं। शुरूआती जांच में पुलिस ने जो बैटरी, वायर और अन्य डिवाइस बरामद किए गए हैं, उसके आधार पर दावा किया जा रहा है कि टिफिन में डालकर इन चीजों के जरिए बम बनाए गए थे।

**प्रार्थना सभा में बम विस्फोट की घटना दिल दहलाने वाली:** विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने कहा कि कोच्चि में ईसाई समुदाय की प्रार्थना सभा में बम विस्फोट की घटना दिल दहलाने वाली है। यह परेशान करने वाली बात है कि केरल एक ऐसी जगह बनता जा रहा है जहां ऐसी घटनाएं हो रही हैं।

## श्रीलंका ने तमिलनाडु के 37 मछुआरों को पकड़ा

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने कथित तौर पर भटककर श्रीलंकाई जल क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद तमिलनाडु के 37 मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी मछली पकड़ने वाली पांच नौकाओं को जब्त कर लिया। मत्स्य पालन के एक अधिकारी ने रविवार को यहां यह जानकारी दी। इन लोगों को शनिवार रात श्रीलंकाई नौसेना के एक अभियान के दौरान पकड़ा गया। अकेले इसी महीने श्रीलंकाई नौसेना ने मछली पकड़ने वाली दस नौकाओं 64 मछुआरों को पकड़ा है। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने इस मुद्दे को केंद्र के समक्ष उठाया है और विदेश मंत्री एस जयशंकर से सभी मछुआरों और उनकी नौकाओं की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि भारत सरकार को हमारे मछुआरों के अधिकारों के लिए और अधिक मुखर होकर खड़ा होना चाहिए और उनकी सुरक्षा के लिए बोलना चाहिए।

## श्रीनगर में क्रिकेट खेल रहे एक पुलिस अधिकारी को आतंकियों ने मारी गोली


### अस्पताल में इलाज के दौरान अधिकारी की मौत

**एजेंसी/श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में बड़ी आतंकी वारदात सामने आई है। आतंकवादियों ने रविवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक अधिकारी को श्रीनगर में गोली मारकर घायल कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वहीं आतंकी हमले के बाद इलाके में सुरक्षा बल सर्च अभियान चला रहे हैं। हालांकि उन्हें सफलता नहीं मिली है। हमले की जिम्मेदारी आतंकी संगठन टीआरएफ ने ली है। हमले के बाद सुरक्षाबल और पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है।

अधिकारियों ने बताया कि पुलिस इंस्पेक्टर मसरूर अहमद वानी ईदगाह मैदान में स्थानीय बच्चों के साथ क्रिकेट खेल रहे थे। तभी आतंकवादियों ने उन्हें गोली मार दी। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि इस आतंकवादी हमले में पिस्तौल का इस्तेमाल किया गया था। पुलिस सूत्रों के अनुसार इंस्पेक्टर मसूर श्रीनगर के ईदगाह स्थित जिला पुलिस लाइन में तैनात थे, जहां उन पर हमला हुआ। उनकी पहचान मसरूर अली वानी पुत्र अली मोहम्मद वानी, निवासी येचिपोरा ईदगाह श्रीनगर के रूप में हुई है।

घटना से ठीक एक दिन पहले यानी शनिवार को जम्मू-कश्मीर पुलिस के डीजीपी दिलबाग सिंह ने दावा किया था कि केंद्र शासित प्रदेश में पिछले पांच साल में आतंकवाद की घटनाओं में कमी आई है। उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर गर्व है कि पिछले 5 साल में कार्रवाई के दौरान कोई कोलेट्रल डैमेज नहीं हुआ।



## सबका साथ, सबका विकास पर खरी उतर रही योगी सरकार की सेफ सिटी परियोजना

# सिटी बसें, ओला-उबर सीसीटीवी व पैनिक बटन से होंगे लैस

- बुजुर्गों के लिए बनाए जा रहे डे केयर सेंटर तो दिव्यांगजनों के लिए रैंप बनाने का काम भी जोरों से चल रहा
- दृष्टिबाधितों के लिए सरकारी, प्राइवेट भवनों, चौराहों व सार्वजनिक स्थानों पर ब्रेल लिपि की जा रही अंकित

**केटी न्यूज/लखनऊ**



योगी सरकार सेफ सिटी परियोजना महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांगजनों का विशेष ध्यान रख रही है ताकि उनकी सुरक्षा और सुविधा देने में कोई कोर कसर न रह जाए। इसी के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में सीनियर सिटीजन के लिए अत्याधुनिक डे केयर सेंटर बनाए जा रहे हैं जबकि महिलाओं की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए परिवहन विभाग की बसों, ओला और उबर में सीसीटीवी के साथ पैनिक बटन लगाए जाने की तैयारी चल रही है। इतना ही नहीं दिव्यांगजनों के लिए सरकारी और प्राइवेट विभागों में रैंप तो दृष्टिबाधितों के लिए ब्रेल लिपि में जनसूचना अंकित की जा रही है।

सेफ सिटी परियोजना के तहत नगर विकास विभाग की ओर से सीनियर सिटीजन के लिए डे केयर सेंटर की स्थापना की जा रही है। पहले चरण में सभी 17 नगर निगम में अत्याधुनिक डे केयर सेंटर बनाने की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। वर्तमान में एक डे केयर सेंटर संचालित है जबकि चार का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। वहीं जल्द ही 12 अन्य डे केयर सेंटर का निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया जाएगा। इसके अलावा सेफ सिटी परियोजना के तहत 17 नगर निगम और गौतमबुद्धनगर में महिलाओं के साथ बुजुर्गों की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के लिए कुल 21,155 बसों, ओला, ऊबर में सीसीटीवी कैमरे संग पैनिक बटन लगाने के लिए चिन्हित किया गया है। इनमें परिवहन विभाग की 1235 सिटी बसें, 9840 ओला, 1122 उबर और 8958 अन्य प्राइवेट वाहन शामिल हैं। इनमें से परिवहन विभाग की 700 बसों में सीसीटीवी कैमरे और पैनिक बटन लगा दिये गये हैं। साथ ही इन्हे यूपी-112 से इंटीग्रेट भी कर दिया गया है जबकि ओला, उबर और अन्य प्राइवेट वाहन सीसीटीवी और पैनिक बटन लगाने की कार्रवाई तेजी से चल रही है।

### 135 जेब्रा क्रासिंग पर साइनेज तो 49 स्थानों पर बने रैंप

लोक निर्माण विभाग की ओर से दृष्टिबाधितों के हितों को ध्यान में रखते हुए सरकारी और प्राइवेट भवनों, चौराहों और सार्वजनिक स्थानों पर ब्रेल लिपी में आवश्यक सूचना अंकित की जाएगी। इसके साथ ही दिव्यांगजनों के लिए चौराहों पर बने जेब्रा क्रासिंग पर साइनेज और भवनों में रैंप की स्थापना की जा रही है। लोक निर्माण विभाग की ओर से 17 नगर निगम में 135 जेब्रा क्रासिंग पर साइनेज लगाने के लिए चिन्हित किया गया था, जो पूरा हो चुका है। साथ ही विभाग के नियंत्रित 119 भवनों को दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित बनाया गया है। वहीं गौतमबुद्धनगर में 7 स्थानों पर जेब्रा कासिंग पर साइनेज लगाए गए हैं जबकि 2 भवनों को दिव्यांगजनों के लिए बाधारहित बनाया गया है। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की ओर से 17 नगर निगम 54 स्थानों को रैंप बनाने के लिए चिन्हित किया गया है जबकि 49 स्थानों पर रैंप का काम पूरा कर लिया गया है। इसी तरह गौतमबुद्धनगर में एक स्थान को रैंप बनाने के लिए चिन्हित किया गया है, जिसे बनाने की कार्रवाई चल रही है।

## सोशल मीडिया पर पोस्ट डालने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े, युवक की गिरफ्तारी के बाद भड़के लोग

# इजराइल-हमास युद्ध को लेकर पूर्णियां में बवाल

- गुस्साए लोगों ने सड़क पर उतरकर बाजार को कराया बंद
- जगह-जगह टायर जलाकर और रास्ता बंद कर जताया आक्रोश





**केटी न्यूज/पटना**

इजराइल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर पूर्णिया के चंपानगर इलाके में एक सोशल मीडिया पोस्ट को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। मामला इतना बढ़ गया कि पोस्ट के विरोध में लोग सड़क पर उतर आए। बाजार बंद करवा दिया। साथ ही टायर जलाकर हंगामा करने लगे। एक पक्ष का आरोप है कि इंस्टग्राम पर दूसरे पक्ष के युवक ने हमास के समर्थन समेत कई आपत्तिजनक पोस्ट किए। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई। लोगों का आरोप है कि शिकायत के बावजूद चंपानगर पुलिस ने एकतरफा कार्रवाई करते हुए उक्त पोस्ट का विरोध करने वाले पक्ष से कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। यह गलत है। इस कारण लोगों में आक्रोश और भी ज्यादा बढ़ गया। आपत्तिजनक पोस्ट के विरोध में लोगों ने सड़क जाम कर दिया और सड़क पर टायर जलाकर घंटों प्रदर्शन किया।

वहीं पुलिस का दावा है कि इलाके में शांति व्यवस्था बहाल कर दी गई है। हालात काबू में हैं। दोनों पक्षों के लोगों को समझा-बुझाकर शांत करवाया गया है। पुलिस के अनुसार चंपानगर इलाके में इजराइल को लेकर विवादित पोस्ट करने पर दो पक्ष के बीच हल्की झड़प हुई। एक पक्ष से एक व्यक्ति चोटिल भी हुए। चंपानगर ओपी द्वारा विवादित पोस्ट करने वाले को गिरफ्तार कर लिया गया है और पुलिस प्रशासन द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस प्रशासन के वरीय पदाधिकारी मौके पर काम कर रहे हैं। स्थिति पूर्णतः सामान्य एवं नियंत्रण में है। लोगों से अपील हे कि किसी तरह के अफवाहों पर ध्यान ना दें। वहीं इस पूरे मामले पर अब खऊत्र सांसद संतोष कुशवाहा ने बताया कि घटना को लेकर डीएम और एसपी से बात हुई है। दोनों लगातार हालात पर अपनी नजर बनाए हुए हैं।



## दरभंगा में शौचालय साफ करनेवाले टैंकर से 100 पेटी विदेशी शराब बरामद



**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में भले ही शराब प्रतिबंधित हो लेकिन शराब तस्कर अब भी बाज नहीं आ रहे हैं। प्रतिबंध के बाद भी तस्कर राज्य में शराब का गोरखधंधा कर रहे हैं। ताजा मामला दरभंगा जिले के भालपट्टी ओपी क्षेत्र का है, जहां दरभंगा में जानकीनगर पुल के पास एक शौचालय साफ करने वाले टैंकर से 100 पेट्टियां विदेशी शराब बरामद की गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है। भालपट्टी ओपी क्षेत्र में गुप्त सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। जिसके बाद पुलिस ने टैंकर में मौजूर शराब की खेप को बरामद कर लिया। चैकिंग के दौरान पुलिस ने जब टैंकर रोकने का प्रयास किया तो चालक द्वारा टैंकर को तेज भगाकर ले जाने का प्रयास किया गया। पुलिस ने टैंकर का पीछा कर उसे रुकवाया। टैंकर खोलकर देखा तो 100 कॉर्टन शराब मौजूद थी। गिरफ्तार आरोपी सिवान जिला के तरवारा थाना क्षेत्र के सतवार गांव निवासी है जबकि दूसरा इसी थाना क्षेत्र के दीनापुर गांव निवासी है।

# फर्जी ज्योतिष हैं अमित शाहः ललन सिंह

**केटी न्यूज/पटना**

जनता दल यूनाईटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद ललन सिंह ने एक बार फिर से केंद्र सरकार और गृह मंत्री अमित शाह पर हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि अमित शाह फर्जी ज्योतिष हैं। वह जहां-जहां गए और कहा कि दो तिहाई बहुमत से सरकार बनेगी। वहां भाजपा हार गई। बंगाल में हार गए, हिमाचल में हार गए, कर्नाटक में हार गए। अब पांच राज्यों में भी इनका यही हाल होने वाला है। केंद्र सरकार के द्वारा रोजगार मेला में 133 लोगों को रोजगार दिए जाने पर चुटकी लेते हुए कहा कि हमने फोटो देखा है कि बड़ा भारी-भारी आदमी मुरेठा वाला नियुक्ति पत्र दे रहा था। नियुक्ति पत्र देने का मतलब है कि सवा लाख लोगों को एक साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार गांधी मैदान और राज्य के 37 जिले में देने जा रही है यह नीतीश कुमार का करामात है।

केंद्र सरकार द्वारा 765 जिलों में अधिकारियों के को भेजने के सवाल पर ललन सिंह ने कहा कि उनको अपने कार्यकताओं और पार्टी पर भरोसा नहीं रहा। इसीलिए अब अधिकारियों को लगा रहे हैं, क्योंकि उनको लगा है कि उनकी तानाशाही सरकार के साथ-साथ पार्टी में भी चल रही है। उनका पार्टी के कार्यकताओं से भरोसा उठ गया है। इसीलिए अपने अधिकारियों को अपने काम के



प्रचार में लगा रहे हैं। ललन सिंह ने सवाल पूछते हुए कहा कि केंद्र सरकार को बताना चाहिए कि 9 साल में क्या-क्या काम किया? उज्ज्वला योजना का हालत खराब है। महंगाई रूकी नहीं, काला धन आया नहीं, बल्कि काला धन और बाहर जा रहा है इन सब चीजों का भी जवाब सरकार को देना चाहिए।

**चुनाव लड़ने का फैसला सीएम नीतीश कुमार को ही करना है:** वहीं सीएम नीतीश कुमार के फूलपुर से चुनाव लड़ने के लिए कार्यकताओं के डिमांड पर उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की इच्छा है लेकिन फैसला तो नीतीश कुमार को ही करना है।

# अगर हिम्मत है तो नीतीश कुमार वाराणसी से चुनाव लड़ लेंः गिरिराज

**केटी न्यूज/पटना**

बेगूसराय में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के यूपी से चुनाव लड़ने की चर्चा पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार यूपी के वाराणसी से या 20 स्थान से चुनाव लड़ लें, लेकिन उनका कुछ होने वाला नहीं हैं। गिरिराज सिंह ने कहा कि मैं तो कहता हूं नीतीश कुमार आजमा कर देख लें, वाराणसी में चुनाव लड़ लें अपनी मनोकामना पूरा कर लें। वाराणसी की जनता ने नरेंद्र मोदी को अपना पूरा समर्थन दे कर रखा हैं। मैं चुनौती के साथ कहता हूं अगर हिम्मत है तो नीतीश कुमार वाराणसी से चुनाव लड़ ले, जहां वह पूरी तरह चारों खाना चित होंगे। वाराणसी से चुनाव



लड़ने की बात कर रहें हैं लड़कर देख ले, मैं तो चुनौती देता हूं वो 20 स्थान से चुनाव लड़ लें।

इससे एक दिन पहले भी गिरिराज सिंह ने नीतीश कुमार पर हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि तुष्टिकरण, सत्ता और वोट बैंक की वजह से सरकार कार्रवाई नहीं करती है. नीतीश कुमार और लालू यादव मुसलमान-यादव इत्यादी की संख्या के बारे में सोच रहे हैं। इससे तालमेल ठीक हो जाएगा, लेकिन ये लोकतंत्र को बचना है तो भारत की अस्मिता को बचना होगा।

# पवन सिंह राजनीति में उतरने को बेताब

**केटी न्यूज/पटना**

भोजपुरी फिल्मों के पावर स्टार पवन सिंह ने चुनाव लड़ने को लेकर बड़ा बयान दिया है। सुपरस्टार पवन सिंह ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताते हुए कहा कि लोकसभा के चुनावी अखाड़े में उतरने के लिए मैंने कमर कस ली है और अब आदेश का इंतजार है।मीडिया से बात करते हुए भोजपुरी स्टार पवन सिंह ने कहा कि दूसरे भोजपुरी एक्टर की तरह मैं भी बीजेपी का सांसद बनना चाहता हूं। मेरी इच्छा है कि मैं भी लोकसभा चुनाव 2024 में बीजेपी की तरफ से चुनावी मैदान में उतरूं। पवन सिंह ने ये भी कहा कि हर कोई चाहता है कि हर कदम हम आगे बढ़े। गौरतलब है कि पवन सिंह बीजेपी द्वारा आयोजित 'मेरी माटी मेरा देश' को लेकर कलश यात्रा में शामिल होने पार्टी दफ्तर आए थे। उन्होंने कहा कि




हमारे दर्शकों ने मुझे पहले गायक बनाया, फिर गायक से नायक बनाया, अब इसके बाद पवन सिंह क्या बनेगा, यह सब ऑडियंस के हाथों में है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में मनोज तिवारी, निरहुआ और रवि किशन की तरह पवन सिंह को भी लोग लोक सभा में देख पाएंगे।

आपको बता दें कि आरा से वर्तमान सांसद आरके सिंह हैं, जो केंद्रीय मंत्री हैं। अब इसी सीट पर चुनाव लड़ने को लेकर पवन सिंह ने अपनी इच्छा जताई है। आरके सिंह राजपूत जाति से हैं। वहीं, पवन सिंह भी इसी जाति से आते हैं। ऐसे में जातीय समीकरणों के हिसाब पवन सिंह आरा में अपने आपको फिट मानते हैं। विदित है कि पवन सिंह से पहले बीजेपी में कई भोजपुरी स्टार सांसद है। दिल्ली से मनोज तिवारी 'मृदुल', गोरखपुर से रवि किशन, आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' सांसद हैं।

GYAN JYOTI PUBLIC SCHOOL
Affiliated to CBSE NEW Delhi (10+2)
Rupsager, Main Road, Nawangar Buxar (Bihar)
Cantact No - 6200727438, 7004289776, 7654245005 | Email - gips2011@ Yahoo.in, gyanjyotipublicschool.in




विद्यालय में छात्रों के लिए अत्याधुनिक सुविधा

- असम, बंगाल व दार्जिलिंग के कुशल एवं प्रशिक्षित शिक्षक
- स्मार्ट क्लासेज आडियो एवं वीडियो से कक्षाओं का संचालन
- अत्याधुनिक विज्ञान व कंप्यूटर की प्रयोगशालाएं
- सुव्यवस्थित पुस्तकालय
- खेलकूद, योग, नैतिक शिक्षा व शारीरिक शिक्षा का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण
- बच्चों की सुरक्षा के लिए प्रत्येक क्लास सीसीटीवी कैमरे से लैस
- बच्चों के लिए हैप्पीनेस क्लासेज
- कराटे व स्काउट एंडगाइड का कुशल ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण



## खबरें फटाफट

### जासो में घर से मिला आधा दर्जन बंदूक व सैकड़ों कारतूस, पांच लोग गिरफ्तार

**बक्सर।** रविवार की शाम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जासो गांव में गुप्त सूचना पर पुलिस टीम की छापेमारी में एक घर से आधा दर्जन अवैध बंदूक व सैकड़ो कारतूस मिले है। इसके बाद छापेमारी टीम ने वहां मौजूद पांच-छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। छापेमारी की यह कार्रवाई जासो के दारा पाठक के घर में एसपी के निर्देश पर मुफिस्सल थाने की टीम द्वारा की गई थी। मिली जानकारी के अनुसार एसपी मनीष कुमार को किसी ने सूचना दी थी कि जासो के दारा पाठक के घर में बड़े पैमाने पर हथियारों का जखीरा छिपाकर रखा गया है। इस सूचना पर एसपी ने मुफस्सिल थाने के साथ ही डीआईयू टीम को संयुक्त रूप से छापेमारी करने का निर्देश दिया। छापेमारी के दौरान घर से कुल छह बंदूक तथा सैकड़ो कारतूस मिला। एसपी मनीष कुमार ने इसकी पुष्टि की है। हालांकि वे विशेष जानकारी नहीं दे सकें। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। गिरफ्तार किए गए लोगों से पूछताछ कर यह पता लगाया जा रहा है कि इतने बड़े पैमाने पर हथियार व कारतूस क्यों इकट्ठा किए गए थे।

### बंद घर का ताला तोड़ चोरों ने हजारों की संपति चुराई

**नावानगर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के खरवनिया गांव में बीते रात चोरों ने एक बंद घर को अपना निशाना बनाया है। घर का ताला तोड़ कर चोर हजारों रुपए का सामान चुरा ले भागे है। घर में चोरी की जानकारी पड़ोसियों को तब हुई, जब वे उनकी नजर घर के बाहर रुम पर पड़ी। इसके बाद पड़ोसियों ने घर में चोरी की सूचना गृहस्वामी को फोन कर दिया। सूचना पर पहुंचे गृह स्वामी राकेश कुमार ने देखा कि उसके घर के आगे वाले कमरे का ताला तोड़ कर चोरों ने एक इन्वर्टर, चावल व अन्य कुछ सामान चुरा लिया हैं। इस संबंध में पीड़ित गृहस्वामी ने घर में चोरी के आरोप में दो लोगों को नामजद कर थाने प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया है।

# बीपीएससी में बक्सर के ओमप्रकाश व श्रेया ने लहराया परचम, बने एसडीएम

- 17 वर्षों से तैयारी कर रहे थे ओमप्रकाश, अंतिम प्रयास में मिली सफलता
- श्रेया ने पहले प्रयास में ही मारी बाजी

केटी न्यूज/बक्सर



परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाता, कठिन परिस्थितियों में की गई मेहनत का फल मिलता है। इसे साबित कर दिखाया है बक्सर के सारिमपुर मोहल्ले के रहने वाले 44 वर्षीय ओमप्रकाश लाल व मेन रोड ताड़का नाला के पास की श्रेया ने। शनिवार को जारी हुए 67वी बीपीएसएसी के रिजल्ट में ओपप्रकाश ने 17 वां रैंक ला मानो अपने 17 वर्षों की कठिन परिश्रम का फल पा लिया है। वही श्रेया ने पहले प्रयास में ही इस कठिन परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। दोनों का चयन एसडीएम के पद पर हुआ है। ओम प्रकाश के लिए यह अंतिम अवसर था। इस अंतिम अवसर पर सफलता ने उनके कदम चुमे है। हालांकि उनके लिए तैयारियां करना आसान नहीं रहा है। जब वे मात्र 14 वर्ष के थे तभी उनके सर से पिता का साया उठ गया था तथा मां के साथ ही तीन बहनों की जिम्मेवारियां उनके उपर आ गई थी। परिवार के भरण पोषण के साथ ही वे अपनी तैयारियों में लगे हुए थे। सफलता मिलते ही उन्हें बधाईयों का तांता लग गया है।

### पथ निर्माण विभाग में हैं असिस्टेंट रिसर्च ऑफिसर

ओमप्रकाश ने बताया कि यह परीक्षा पथ निर्माण विभाग में असिस्टेंट रिसर्च ऑफिसर के पद पर रहते हुए निकाला है। लेकिन अपने जीवन काल में मुझे कई संघर्षों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के दौरान ही 14 वर्ष की अवस्था में पिता मकसूदन प्रसाद केशरी इस दुनिया को छोड़कर चल बसे थे। हालांकि उनकी इच्छा थी की वह पढ़कर कोई बड़ा ऑफिसर बने। वर्ष 1995 में एमपी हाई स्कूल बक्सर से मैट्रिक की परीक्षा पास कर इंटर की पढ़ाई एम वी कॉलेज बक्सर से किया। इग्नू बोधगया से बीएससी मैथ की पढ़ाई पूरा किया। इसके बाद ये घर पर ही कड़ी मेहनत से पढ़ाई कर प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारियों में लगे हुए थे। इसके पहले वे चार बार पीसीएस की पीटी निकाल चुके थे। लेकिन मेंस में असफल हो जा रहे थे। ओमप्रकाश ने वर्ष 2012 में देश के सबसे बड़े प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा यूपीएससी में भी सफलता पाई थी। प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा में सफल होने के बाद इंटरव्यू की परीक्षा में असफल हो गए थे। वर्ष 2013 में बीपीएससी का पीटी निकालने के बाद इंटरव्यू में असफल हो गए थे।

### श्रेया ने सेल्फ स्टडी से पाई सफलता



बक्सर ताड़का नारा के पास रहने वाले लल्लू प्रसाद व इंदू देवी की बेटी श्रेया ने पहले प्रयास में ही बीपीएससी क्रैक कर लिया है। श्रेया ने यूपी के मुगलसराय से वर्ष 2011 में मैट्रिक व 2013 में इंटर की परीक्षा पास करने के बाद वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय आरा से वर्ष 2016 में बीएससी किया। इसके बाद वह प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में जुट गई। श्रेया दो वर्षों से बीपीएससी की तैयारी कर रही थीं। उनका एक भाई अविनाश कुमार कुश्ती का इंटरनेशनल खिलाड़ी है जबकि दूसरा भाई विकास राज नव गठित चौसा नगर पंचायत में उप मुख्य पार्षद पद पर चयनित हुए हैं। श्रेया की इस सफलता से पूरा परिवार खुश है।

## रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के करीब ब्रह्मपुर रोड में रविवार सुबह की घटना

# ब्रह्मपुर में बाइक स्टैंड चलानेवाले के दरवाजे पर बदमाशों ने की फायरिंग, मचा हड़कंप

- पीड़ित पक्ष ने ब्रह्मपुर थाने में गौतम यादव व अज्ञात तीन-चार लोगों के खिलाफ की लिखित शिकायत की
- बाइक स्टैंड का ठेका को लेकर पूर्व से चल रहा विवाद

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर



पीड़ित रमेश साह।

रविवार की सुबह रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के करीब ब्रह्मपुर रोड में एक निजी बाइक स्टैड चलाने वाले के घर पर चढ़ अपराधियों द्वारा अंधाधुंध फायरिंग किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। जिसके बाद आस पास में हड़कंप मच गया। वहीं पुलिस तत्काल हरकत में आ गई। पीड़ित पक्ष ने ब्रह्मपुर थाने में लिखित शिकायत दी है। जिसके बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

पीड़ित रघुनाथपुर के रमेश साह पिता स्वर्गीय जगदीश साह ने बताया कि सुबह में वे अपने दरवाजे पर बैठे थे तभी रंजीत यादव बिहटा निवासी के सरकारी स्टैंड चलाने वाले केयर टेकर कैथी पंचायत के मठियापुर निवासी गौतम यादव पिता धनराज यादव व अज्ञात तीन-चार लोग हमारे दरवाजे पर सुबह आठ बजे पहुंचे और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ है। गोली चलते ही अफरा तफरी मच गई थी। लोग भाग कर जान बचाने लगे। आस पास के घरों के दरवाजे भी बंद हो गए। रमेश ने बताया कि वह ब्रह्मपुर रोड़ में पिछले 15-20 सालों से बाइक स्टैंड चलाता है। लेकिन जब से प्लेट फार्म नम्बर एक से सटे बगेन रोड में बिहटा निवासी रंजीत यादव को स्टैंड का टेंडर मिला है। उसके बाद से ही विवाद चल रहा है। 10 अगस्त 2023 को पुलिस के राजनीतिक दबाव हमें उठाकर थाने ले गई थी। जब मैंने अपना कागज दिखाया उसके बाद पीआर बाउंड पर छोड़ा गया। उसके बाद से हमें डराया-धमकाया जा रहा है। जब कि नियमतः सरकारी टेंडर में हुए स्टैड बगेन रोड़ में पड़ता है, उसका दायरा भी नहीं है। मेरे द्वारा उद्योग विभाग व डीएम से परमिशन के बाद स्टैंड चलाया जा रहा है। पिछले कई ठेकेदार आए किसी ने विवाद नहीं किया है। परन्तु जब से इनकों केयर टेकर बनाया गया है तब से विवाद शुरू हुआ है। हमे यहां से भगाने का प्रयास किया जा रहा है। पीड़ित ने बताया कि इस घटना के बाद मेरा पुरा परिवार दहशत में जी रहा है। प्रभारी थानाध्यक्ष रवि कुमार ने कहा कि पीड़ित पक्ष के द्वारा फायरिंग का एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ आवेदन दिया गया है।

## बड़का सिंहनपुरा पीएनबी लूटकांड का उद्भेदन, रेकी करनेवाला गिरफ्तार

### पूछताछ के बाद पुलिस ने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष को छोड़ा

केटी न्यूज/बक्सर

एक महीना पहले हुए पीएनबी के बड़का सिंहनपुरा ब्रांच में भीषण लूट मामले में पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने इस मामले में रेंकी करने तथा लाईनर की भूमिका निभाने वाले अरविंद राम को गिरफ्तार कर लिया है। वह मूल रूप से यूपी के जमानिया का रहने वाला था लेकिन जरायम की दुनिया में बक्सर को अपना अड्डा बना लिया था। इसके पहले अगस्त महीने में सोनवर्षा में आभूषण व्यवसायी तथा राजपुर में शिक्षक से हुए लूट मामले में भी वह आरोपी था। पूछताछ में उसने बड़का सिंहनपुरा बैंक लूटकांड में भी अपनी संलिप्तता स्वीकारी है।

उसने पुलिस को इस कांड में शामिल अन्य लूटेरों की पहचान भी बताई है। जिसके बाद पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। एसपी मनीष कुमार ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि वह जिन लूटेरों का नाम बताया है उनमें एक पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि एक जिले के टॉप टेन अपराधियों की लिस्ट में शामिल है। एसपी ने कहा कि उसके बताए नामों की जांच की जा रही है। गौरतलब है कि 20 सितंबर की शाम बड़का सिंहनपुरा स्थित पीएनबी शाखा में सात की संख्या में लूटेरों ने 19 लाख 48 हजार 48 रूपए लूट लिए थे। इस दौरान प्रबंधक, कर्मियों तथा ग्राहकों के साथ लूटेरों ने मारपीट भी किया था। पुलिस के लिए एक महीने बाद भी यह लूटकांड चुनौती बना था। लेकिन तकनीकी जांच में पुलिस को इस मामले में जमानिया के अरविंद के शामिल होने की जानकारी मिली। जिसके बाद उसे नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया गया।




वही दूसरी तरफ पुलिस ने भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष बब्लू आजाद को पूछताछ के बाद छोड़ दिया है। बता दें कि बब्लू को पुलिस ने एक दिन पहले हिरासत में लिया था।

## एक नजर

### कमला देवी बनीं राजद महिला प्रकोष्ठ की प्रखंड अध्यक्ष, बबीता देवी प्रधान महासचिव मनोनित



**केसठ।** प्रखंड के स्थानीय गांव में रविवार को राजद कार्यकताओं की एक बैठक संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सुमेश्वर यादव ने किया। बैठक में राजद जिला महिला प्रकोष्ठ की जिलाध्यक्ष पूजा देवी व वरिष्ठ नेता सुनील कुमार सिंह उर्फ पप्पू यादव के उपस्थिति में संगठन विस्तार पर चर्चा की गई। इस दौरान सर्वसहमति से कमला देवी को राजद महिला प्रकोष्ठ का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। वहीं उपाध्यक्ष चम्पा देवी, प्रधान महासचिव बबीता देवी मनोनित की गईं। इस अवसर पर नव मनोनित महिला प्रखंड अध्यक्ष के नेतृत्व में आगत अतिथियों का स्वागत किया गया। अपने संबोधन में पप्पू यादव ने कहा कि लालू प्रसाद यादव व तेजस्वी यादव के विचारों को जन जन तक पहुंचाना है। लालू प्रसाद ने दबे कुचले शोषित पीड़ितो को जो सम्मान दिया गया उनको आज प्रताड़ित किया जा रहा है। लालू प्रसाद बोले है कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागेदारी। जातिगत जनगणना बिहार में हुआ अगर केन्द्र में सरकार बनी तो केंद्र में जातिगत जनगणना कराकर उसके हिसाब से उसकी भागेदारी मिलेगी। तेजस्वी यादव ने चुनाव में जो वादा किया था उसको धीरे धीरे पूरा किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग में लाखों लोगों को रोजगार दिया गया। पूजा कुमारी ने कहा कि महिला केवल चूल्हे चौके तक सीमित नहीं है। वे घर से लेकर सता में जहा भी मौका मिलता हैं वहा बेहतर कर दिखाती है। मौके पर युवा प्रखंड अध्यक्ष मुकेश ठाकुर, एकरार अहमद, बनारसी सिंह, गुडु कुमार, मंजू देवी, रिंकी देवी, सुशीला देवी, रमिता देवी सहित अन्य उपस्थित रहे।

### छात्रों की क्षमता का आंकलन करने के लिए 3 नवंबर को होगी सर्वे परीक्षा

**बक्सर।** शिक्षा विभाग ने वर्ग 3, 6 और 9 के छात्रों के भाषा व गणित विषय के क्षमता परीक्षण के लिए 3 नवंबर को सर्वे परीक्षा का आयोजन किया है। यह परीक्षा पूरे राज्य में एक साथ ली जाएगी। जिसकी तैयारी स्कूलों द्वारा लगभग पूरी कर ली गई है। इस क्रम में शिक्षा विभाग बक्सर के द्वारा सभी विद्यार्थी, शिक्षक और प्रधानाध्यापक को परीक्षा के सफल संचालन के लिए आवश्यक निर्देश दिया जा रहा है। चिन्हित विद्यालयों में 3 नवंबर को यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। बता दें कि प्रत्येक वर्ष वर्ग 3, 6 और 9 के विद्यार्थियों के भाषा और गणित का सर्वे परीक्षा होता रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इस बार सर्वे परीक्षा में ब्रह्मपुर प्रखंड के 49 विद्यालय, बक्सर के 78, चक्की के 26, चौगाईं के 30, चौसा के 34, डुमरांव के 58, इटाढ़ी के 44, केसठ के 20, नावानगर के 55, राजपुर के 46, सिमरी के 51 सहित कुल 484 परीक्षा केंद्रों पर सर्वे परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है।

### नगपुरा गांव में विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत, भाई ने प्रताड़ना का लगाया आरोप

**सिमरी।** सिमरी थाना क्षेत्र के नगपुरा गांव में एक विवाहिता की संदेहास्पद स्थिति में मौत हो गई है। उसके भाई ने ससुराल वालों पर मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाया है। पुलिस एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है। मृतका पूनम देवी उम्र 35 वर्ष नगपुरा के विनोद साह की पत्नी थी। उसका पति सरकारी नौकरी में है तथा वह गांव पर नहीं था। उसका मायका कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के छतनवार गांव में है। मृतका के भाई कृष्णा प्रसाद ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि उसकी बहन की शादी दस-बारह साल पहले विनोद साह के साथ हुई थी। शादी के बाद कुछ दिनों तक सबकुछ ठीक था। लेकिन कुछ वर्षों के बाद उसके बहनोई की सरकारी नौकरी लग गई। इसके बाद से ही ससुराल वाले तथा उसका पति मेरी बहन को मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे और शनिवार की सुबह उसकी हत्या कर दी गई।

### 33 कांडों में जब्त की गई 732 लीटर महुआ एवं अंग्रेजी शराब को पुलिस ने किया विनष्ट

**नावानगर।** सोनवर्षा ओपी में 33 कांडों में जब्त 732 लीटर महुआ एवं अंग्रेजी शराब का विनष्ट किया गया। शराब विनष्टी मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात सीओ अजीत कुमार की उपस्थिति में की गई। सोनवर्षा ओपीध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि विनष्ट की गई शराब थाना के विभिन्न गांवों से 33 कांडों में जब्त किया गया था। जिसमें 706 लीटर महुआ शराब था। जबकि 26 लीटर अंग्रेजी शराब थी। उन्होंने बताया कि मजिस्ट्रेट की निगरानी में ओपी परिसर के बाहरी हिस्से में गड्ढा खोद कर विनष्ट कर दिया गया है। साथ ही अंग्रेजी शराब की प्लास्टिक बोतल को आग के हवाले कर दिया गया।

### थाने के समीप खड़ी बाइक चोरी, केस दर्ज

**डुमरांव।** स्थानीय थाने के समीप सड़क किनारे खड़ी एक बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। काफी खोजबीन के बाद जब बाइक का सुराग नहीं मिला तो पीड़ित ने डुमरांव थाने में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। पुलिस मामले को दर्ज कर बाइक चोरों की पहचान करने में जुट गयी है। बताया जाता है कि सिमरी थाना क्षेत्र के काजीपुर गांव निवासी ददन यादव अपने गांव से बाइक पर सवार होकर डुमरांव थाने के समीप सुधा डेयरी के पास बाइक को खड़ा कर आसपास के दुकानों से खरीदारी करने लगे। इसी दौरान उचक्कों ने बाइक चोरी कर ली। बाइक का नंबर बीआर 44 एल 8562 बताया जाता है।

## गदहे से टकराई कार, रखी गई शराब की पेटियां लेकर ग्रामीण फरार



केटी न्यूज/कृष्णाब्रह्म

शनिवार की रात कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के एनएच 922 पर कुटी डेरा के समीप शराब लदी एक कार सड़क पार कर रहे एक गदहे से टकरा दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दौरान कार की जोरदार टक्कर से उक्त गदहे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार सवार लोग भाग खड़े हुए। वहीं सूत्रों का कहना है कि कार में शराब की पेटिया थीं। जिसे पुलिस के पहुंचने के पहले ही लोग लूट ले गए। जब तक पुलिस को घटना की सूचना मिलती तथा पुलिस मौके पर पहुंचती तबतक लोग शराब की सभी पेटियां लेकर भाग चुके थे। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया गया है। कार सवार लोगों का पता लगाया जा रहा है। इस घटना के बाद क्षेत्र में चचाओं का बाजार गर्म है।

# करवा चौथ की तैयारियों में जुटीं सुहागिनें

केटी न्यूज/डुमरांव

अखंड सुहाग के लिए सुहागिन महिलाएं कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि को करवा चौथ का व्रत करती है। इस बार एक नवंबर बुधवार को करवा चौथ का पर्व मनाया जएगा। पति की लंबी उम्र एवं उन्नत गृहस्थ जीवन के लिए इस पर्व पर सुहागिन महिलाएं निर्जला व्रत रखेंगी। सुहागिन महिलाएं यह व्रत अपने पति के प्रति समर्पित होकर उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु तथा जन्म-जन्मांतर तक पुनः पति रूप में प्राप्त करने के लिए मंगल कामना करती है। उस दिन महिलाएं दुल्हन की तरह सज-धजकर चलनी के सहारे चांद का दीदार करेंगी।

करवा चौथ को लेकर बाजार भी सज-धजकर तैयार है। महिलाएं मंडी में पहुंच कर चलनी, श्रृंगार सामग्री, मेहंदी और ज्वेलरी के दुकानों पर खरीदारी की। वहीं महिलाओं की भीड़-भाड़ से बाजार पर गुलजार बना रहा। ब्यूटी पार्लर में भी महिलाओं की भीड़ बनी रही। पार्लर संचालक गुड़िया रानी ने बताया कि करवा चौथ को लेकर ग्राहकों के लिए



कई ऑफर और छूट भी दी जा रही है। कई महिलाओं ने फेसिअल और मेकअप के लिए पहले से ही बुकिंग कराया है। सबसे ज्यादा मेहंदी लगाने के आर्डर मिल रहे है। मेहंदी लगाने के लिए अलग से तीन लड़कियों को रखा गया है ताकि समय से सबका काम हो सकें। स्टेशन रोड की रहने वाली शिवानी और साफाखाना रोड की रहने वाली प्रियंका ने बताया कि दुल्हन की तरह सजने का यह दूसरा मौका है। इसको लेकर हमसब काफी उत्साहित है। करवा चौथ जिंदगी के लिए यादगार पल होता है। इस पर्व में केवल एक दिन शेष रह गया है।

### शिव-पार्वती के साथ गणेश और चंद्र की होगी पूजा

व्रती महिलाएं सोलह श्रृंगार कर सायंकाल में भगवान भोलेनाथ, गणेश, माता पार्वती, कार्तिकेय एवं चन्द्रमा की पूजा करने के बाद चंद्रमा को चलनी से देखती है और उन्हें अर्घ देती है। करवा चौथ के दिन व्रती महिलाएं दिनभर व्रत रखेंगी और नए वस्त्र-श्रृंगार करके पूजन करके रात में चांद को चलनी से दीप के साथ देखेंगी। पति को देखते हुए चांद को अर्घ्य प्रदान करेंगी। अर्घ्य में दूध, शहद, मिश्री और नारियल प्रदान किया जायेगा। व्रती महिलाएं चलनी से चंद्र दर्शन के बाद अपने पति को उसी चलनी से देखती है। शास्त्रीय मान्यताओं के अनुसार चलनी से पति को देखने से पत्नी के व्यवहार और विचार दोनों छन कर शुद्ध हो जाते हैं।

**करवा चौथ पूजा का शुभ मुहूर्त**

**प्रदोष काल** – संध्या 05.33 बजे, से 07.03 बजे तक।

**चंद्रोदय अर्घ्य**- रात्रि 08.00 बजे।

## गोकुल जलाशय में आयोजित प्रतियोगिता में 30 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, बलिया के राकेश बने उपविजेता

# बिहार राज्य तैराकी प्रतियोगिता के विजेता बने पटना के दीपक पंडित

केटी न्यूज/ब्रह्मपुर

तैराकी प्राचीन खेल है तथा इससे शरीर का अच्छा व्यायाम होता है। अंतर्राष्ट्रीय तैराक कैप्टन विजेन्द्र का यह प्रयास सराहनीय है। वे लंबे समय से युवाओं को तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे है। उक्त बातें डुमरांव एसडीओ कुमार पंकज ने रविवार को ब्रह्मपुर प्रखंड के सपही गांव के पास कही। अवसर था गोकुल जलाशय में कैप्टन विजेन्द्र के नेतृत्व में आयोजित राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का। एसडीओ इस प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि तैराकी एक अच्छा खेल के साथ ही शरीर को स्वस्थ्य रखने में



महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि एक कुशल तैराक जरूरत पड़ने पर किसी की जान भी बचा सकता है। इसके पहले एसडीओ ने प्रतियोगिता का उदघाटन किया। प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों से आए 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता 800 मीटर फ्रीस्टाइल में रखी गई थी। तैराकी में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा में तैनात किए गए कैडेट एवं एस डी आर एफ की टीम चार नावो के साथ प्रतिभागियों के साथ-साथ चल रही थी। ताकी किसी अप्रिय स्थिति में प्रतिभागियों को तत्काल राहत पहुंचाई जा सकें। तैराकी में समय सीमा का निर्धारण नहीं हुआ था फिर भी 30 मिनट के अंदर सभी ने दिए गए लक्ष्य को प्राप्त कर लिया।

तैराकी को देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग गोकुल जलाशय के तट पर पहुचे थे। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पटना के दीपक पंडित व द्वितीय स्थान उत्तर प्रदेश के बलिया जिला के रमेश ठाकुर जबकि तीसरा स्थान स्थानीय सपही गांव निवासी राकेश राम को चुना गया। विजेताओं को एसडीएम कुमार पंकज व आरपीएफ इंस्पेक्टर दीपक कुमार द्वारा मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में मुख्य रूप से हरेंद्र सिंह, चमचम पांडेय, डॉ सुधीर सिंह, नर्वदेश्वर शुक्ला, भोला सिंह, अभिषेक सिंह समेत सैकड़ो उपस्थित थे।

**एक दशक से युवाओं को तैराकी का हुनर सिखा रहे हैं:** बता दें कि सपही निवासी कैप्टन विजेन्द्र एक दशक पहले सेना से रिटायर्ड होने के बाद से युवाओं को मुफ्त में तैराकी का प्रशिक्षण दे रहे हैं। वे अब तक सैकड़ो युवाओं को कुशल तैराक बना चुके हैं। जबकि उनके प्रयास से तैराकी सीखने वाले दो दर्जन से अधिक युवा सेना, पुलिस तथा अन्य विभागों में नौकरी कर रहे हैं।

# पटना में सिपाही पत्नी की हत्या करने वाले पति ने किया आत्मसमर्पण



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

पटना एक होटल में सिपाही की हत्या का मामला अब सुलझता हुआ नजर आ रहा है। सिपाही की हत्या करने वाला पति गजेंद्र रविवार को काको थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। पटना पुलिस उसे अपने साथ ले गई। उन्होंने मीडिया को बताया कि शोभा की हत्या हमने नहीं की है जबकि मेरी पत्नी शोभा मेरी हत्या करना चाहती थी, उन्होंने फोन कर मुझे पटना बुलाया जब हम पटना पहुंचे तो हम दोनों मिलकर एक होटल में गए और एक बैग में वह हथियार रखे हुए था वह

### ❐ अफेयर की बात पर दोनों के बीच चल रहा था विवाद

हथियार निकाल कर मुझे मारने के प्रयास किया तभी दोनों से धक्का मुक्की होने लगी तभी हथियार में गोली लोड था और अचानक फायरिंग हो गया जिसके कारण शोभा की मौत हो गई उन्होंने कहा कि कई महीनो से सुबह मेरी हत्या की साजिश रच रहा था। 5 महीने पहले ही मुझे पता चला कि धीरज नाम के लड़का से इसका अफेयर चल रहा है इसी को लेकर विवाद शुरू हो गया इस बात की जानकारी मैं शोभा के माता-पिता को भी दी कई बार उसके माता-पिता भी धीरज से अफेयर हटाने की बात समझाएं लेकिन धीरज की छोड़ने की बात नहीं कह रही थी, जब एक बार शोभा धीरज को छोड़ने की बात कही तो धीरज ने कहा कि मुझे छोड़ दोगी तो मैं आत्महत्या कर लूंगा और तुम्हारे सारे परिवार को इस केस में फंसा दूंगा, उन्होंने कहा कि बार-बार हम दबाव देते थे उस लड़का से बात करना छोड़ दो इसी बात को लेकर गुस्सा में आकर हमें रास्ते से हटाने का प्रयास किया हम लोगों के बीच कई मारपीट की घटना भी हुई थी। पटना पुलिस गजेंद्र को अपने साथ ले गया और पूछताछ की जा रही है।।

## एक नजर

### मौलाबाग मोहल्ले में छापेमारी, अंग्रेजी शराब और गोली के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**आरा।** नवादा थाने की पुलिस द्वारा मौलाबाग मोहल्ले में छापेमारी कर गोली और अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया है। वह मौलाबाग निवासी लखन यादव का पुत्र प्रियम कुमार है। उसके घर से 12 बोर की दो गोली और करीब एक लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गयी है। उस संबंध में दारोगा सुरुचि कुमारी की तहरीर पर उत्पाद अधिनियम और आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। पुलिस के अनुसार दारोगा सुरुचि कुमारी शनिवार की शाम गश्ती में थी। तभी सूचना मिली कि प्रियम कुमार अपने घर में शराब बेच रहा है। उस आधार पर उसके छापेमारी की गयी, तो उसके घर की छज्जे पर एक पिट्ठू बैग से 12 बोर की दो गोली, तीन बोतल शराब और एक पाउच फ्रुटी बरामद की गयी।

### कांग्रेस ने ब्रह्मर्षि समाज को जो सम्मान दिया है, वो कोई दूसरी पार्टी नही दे सकती: पांडेय

**जहानाबाद।** बिहार प्रदेश कांग्रेस द्वारा राहुल अखिलेश संदेश रथ झूनाठी से चलकर बभना शकुरा रोड के अमैन गोनवां पकरी सेरथुया सहित कई गांवो में पहुचा। वहां अखिल भारतीय ब्रह्मर्षि समाज युवा के अध्यक्ष शशिभूषण पांडेय ने गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने ब्रह्मर्षि समाज को जो सम्मान दिया है, वो कोई दुसरी पार्टी नही दे सकती। बिहार झारखंड उतरप्रदेश में कांग्रेस ने ब्रह्मर्षि समाज के लोगों को अध्यक्ष बनाया है। इसीलिए आप कांग्रेस का साथ दिजिए। जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहा की कांग्रेस ने प्रथम मुख्यमंत्री ब्रह्मर्षि समाज के लोगो को दिया बिहार चार चार अध्यक्ष दिया वही कांग्रेस नेता मनोज शर्मा नगेन्द्र सिंह राकेश शर्मा रामाधार सिंह जयशंकर शर्मा हेमंत कुमार बृजभूषण सिंह प्रियरंजन कुमार कमलेश कुशवाहा ने भी भूमिहार भाईयो से अपील किया आप कांग्रेस को आगामी लोकसभा में वोट देकर केंद्र में कांग्रेस का सरकार बनाये और बिहार में अखिलेश सिंह के हाथो को मजबुत करे बाद मे जिला कांग्रेस कमिटी के कार्यालय में वैशाली जिला कांग्रेस के अध्यक्ष मनोज शुक्ला के अकास्मिक निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।

### शहर के सौंदर्यीकरण की ओर सरकार का कराया ध्यान आकृष्ट

**जहानाबाद ।** जदयू राजनैतिक सलाहकार समिति के प्रदेश सदस्य जय प्रकाश नारायण चन्द्रवंशी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर शहर की जनउपयोगी योजना की स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने सीएम के सामने मांग रखते हुए कहा कि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 18 में लगभग एक एकड़ जमीन में स्थित सब्जीमंडी में तीन मंजिला मार्केट एवं कॉम्पलेक्स निर्माण कराया जाए। जिससे मछली एवं शब्जी विक्रेता के साथ-साथ अन्य दुकानों की संख्या बढ़ने से वेरोजगारो को रोजगार का लाभ मिलेगा। जदयू नेता ने मुख्यमंत्री से दरधा नदी पुल के दक्षिण एवं उत्तरी छोर से अलगना मोड़ तक मेरिन ड्राईव का निर्माण कराने की मांग की है। इसके अलावा रिवर फ्रंट तक पार्क एवं कैफेटेरिया का निर्माण कराया जाय ताकि शहर वासियों को सुबह-शाम टहलने का बेहतर माहौल मिल सके। उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शहर के बीच से गुजरनेवाली सड़क ऊँटा मोड़ से मलहचक होते हुए महिला थाना तक अस्पताल मोड़ एवं शिवाजी पथ सहित फिदाहुसैन मोड़ से मल्लहचक मोड़ होते हुए एरोड्राम से अलगना मोड़ तक सड़क का चौड़ीकरण की मांग कि गई है।

### भोजपुर के उदवंतनगर गांव की घटना, पांच दिन पूर्व हुआ था विवाद

# थप्पड़ मारने के विवाद में बदमाशों ने कोचिंग संचालक को मारी गोली

### ■ भाई के साथ घर जा रहे बाइक सवार को पीछे से मारी गई गोली

**केटी न्यूज/आरा**

भोजपुर के उदवंतनगर गांव में रविवार की दोपहर बदमाशों ने थप्पड़ मारने के बदले बाइक सवार एक कोचिंग संचालक को गोली मार दी। गोली कोचिंग संचालक के बायें हाथ में लगी है, जो आरपार हो गई है। उसमें कोचिंग संचालक रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज शहर के डीएम कोठी रोड स्थित इमरजेंसी हॉस्पिटल में कराया जा रहा है। जख्मी उदवंतनगर वार्ड नंबर 13 निवासी पिंटू सिंह का 23 वर्ष से पुत्र लवकुश कुमार सिंह हैं। वह गांव में कोचिंग चलाते हैं।

गांव के तीन लड़कों पर गोली मारने का आरोप लगाया जा रहा है। कोचिंग संचालक ने बताया कि पांच दिन पूर्व गांव के ही एक युवक द्वारा



उन्हें बाइक से धक्का मार दिया गया था। उसे लेकर उनके बीच नोकझोंक हुई थी। उसके बाद उक्त युवक द्वारा उनके दरवाजे पर आकर गाली-गलौज किया जाने लगा था। तब उन्होंने उस युवक को थप्पड़ लगा दिया था। हालांकि उस दिन बाद खत्म हो गई थी।

रविवार की दोपहर वह अपने भाई के साथ बाइक से घर लौट रहा था। उसी दौरान उक्त युवक अपने दो साथियों के साथ पहुंच गया और पीछे से गोली मार दी। उसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गये। उन्होंने गांव के ही छोटू सिंह पर गोली मारने जबकि बिट्टू व बंटी पर उसका साथ देने का आरोप लगाया है। कोचिंग संचालक का कहना है कि पांच दिन पूर्व हुए झगड़े के बाद ही उन्होंने थाने में उक्त युवक के खिलाफ सनहा दर्ज कराया था। लेकिन पुलिस की ओर से कार्रवाई नहीं की गयी थी। इस बीच उक्त युवक द्वारा घटना को अंजाम दे दिया गया।

### मवेशी बांधने को लेकर मारपीट में दो घायल

**मखदूमपुर।** पर्यटन थाना के बराबर के कायमचक गांव में मवेशी बांधने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई, मारपीट की घटना में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए, घायलों में वैजयंती देवी एवं महेश यादव बताये जाते है। घायल लोगों को इलाज के लिए रेफर अस्पताल मखदुमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है। जानकारी के अनुसार कायमचक गांव में गैर मजरूआ जमीन पर महेश यादव मवेशी बांधा करते थे जिसे लेकर उनके पड़ोसी से विवाद हो गया और देखते ही देखते मारपीट में तब्दील हो गया, जिसमें दो लोग घायल हो गए, घायल लोगों ने बताया कि इसके पूर्व भी पड़ोसी से मवेशी बांधने को लेकर विवाद हुआ था और मारपीट कर घायल भी कर दिया था।

### साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार जहानाबाद की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा लगातार 126वें रविवासरीय साप्ताहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के सागरपुर गांव में रजनीश कुमार के निजी जमीन पर किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम की शुरूआत गायत्री मंत्र के सस्वर उच्चारण एवं पौधों का पूजन कर किया गया। इस पावन अवसर पर उपस्थित युवा प्रकोष्ठ के रजनीश कुमार ने कहा कि वर्तमान समय में प्रदूषण से पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है।

इस प्रदूषण को रोकने का सबसे सरल उपाय अधिक से अधिक संख्या में पौधा लगाकर उसकी देखभाल करना है।वृक्षारोपण समय की मांग है,युग धर्म है।समाज के प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य बनता है कि कम से कम प्रत्येक वर्ष 10 पौधा लगाकर उसकी देखभाल करें और पर्यावरण को संतुलित बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायें। पौधरोपण का कार्यक्रम गायत्री परिवार के द्वारा प्रत्येक रविवार को निःशुल्क चलाया जाता है। अभी तक जिले में लगभग 15000 से अधिक पौधों का रोपण किया जा चुका है।






## जहानाबाद में आपसी विवाद में मारपीट, तीन लोग घायल



**केटी न्यूज/जहानाबाद**

कल्पा ओपी क्षेत्र के छोटकी कल्पा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर चली लाठी डंडे जिसमें तीन लोग घायल हो गए सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है । गुड्डू मांझी शिव भजन मांझी में शनिवार को शाम दोनों पक्षों में मारपीट की घटना हुई। रविवार के सुबह इसी बात को लेकर दोनों में पंचायती हो रहा था, दोनों के पक्ष के लोग एवं गांव के कुछ लोग दोनों से पंचायती करने के लिए बैठे हुए थे तभी दोनों पार्टी आपस में भिड़ गए और मारपीट की घटना हो गई। जिसमें मिता देवी शिव भजन मांझी

### ■ इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती

एवं गुड्डू मांझी घायल हो गया सभी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां डॉक्टर द्वारा इलाज किया जा रहा है। गांव वासियों ने बताया कि एक चबूतरा पर सभी लोग बैठे हुए थे किसी बात को लेकर दोनों में बातावाती होने लगा और गाली गलौज शुरू हो गया और मारपीट की घटना हो गई ,इस घटना की सूचना स्थानायी थाने के पुलिस को दी गई है पुलिस अपने स्तर से मामले की जांच में जुट गई है ग्रामीण क्षेत्रों में छोटी-छोटी बात को लेकर मारपीट की घटना आए दिन हो रही है ।

### ट्रेन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कोईलवर और कुल्हड़िया स्टेशन के बीच बीच रविवार की दोपहर ट्रेन की चपेट में आने से 50 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। उसकी पहचान नहीं हो सकी है। सूचना मिलने पर रेल पुलिस पहुंची और शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। रेल पुलिस मृतक की पहचान करने जुट गई है। रेल पुलिस द के अनुसार अधेड़ व्यक्ति की मौत किसी चलती ट्रेन से गिरने और गंभीर रूप से जख्मी होने के कारण होना प्रतीत होता है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी

**आरा।** कोईलवर थाना क्षेत्र के सोनघट्टा गांव के समीप रविवार की शाम सड़क हादसे में बाइक सवार अधेड़ गंभीर रूप से जख्मी हो गए। उनका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी अधेड़ सोनघट्टा गांव सुरेश राय है। परिजनों ने बताया कि रविवार की शाम बाजार करने के लिए बाइक से कायमनगर बाजार गए थे। वहां से गांव लौट रहे थे।

## संवेदनशील क्षेत्रों में सतर्कता के साथ भ्रमणशील रहने का मिला टास्क



**केटी न्यूज/आरा**

पुलिस कप्तान प्रमोद कुमार यादव द्वारा रविवार शाम गजराजगंज ओपी का निरीक्षण किया गया। उस दौरान एसपी द्वारा तमाम अभिलेखों का अवलोकन किया गया। अभिलेखों को अपडेट रखने के साथ लंबित कांड निस्तारण की गति में तेजी लाने लाने का निर्देश दिया गया। एसपी द्वारा सभी आइओ के साथ अनुसंधान की समीक्षा भी की गई।

सभी चौकीदारों को शराबबंदी को बेहतर ढंग से लागू करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में सही तरीके से सूचना संकलन करने के लिए निर्देशित किया गया। लंबित गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिया गया। साथ ह संवेदनशील क्षेत्र में गश्ती के साथ रात्रि में बेहतर सतर्कता के साथ भ्रमणशील रहने को निर्देश एसपी की ओर से दिया गया। उसके अतिरिक्त थानाध्यक्ष सहित अन्य सभी अफसरों को प्रतिदिन की बेहतर पुलिसिंग के लिए तमाम जरूरी दिशा निर्देश दिया गया। आगामी दीपावली पर और छठ पर्व संबंधित तैयारी को भी निर्देशित किया गया। एसपी की ओर से हाइवे पर बेहतर ढंग से गस्ती करने के लिए निर्देश दिया गया।






### शकूराबाद नगर इकाई जहानाबाद के नगर अध्यक्ष श्रीकांत कुमार तो नगर मंत्री बना गौरव कुमार

# विद्यार्थी परिषद राष्ट्र हित मे कार्य करने वाला सबसे बड़ा संगठन

**केटी न्यूज/जहानाबाद**

शुक्रवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद शकूराबाद नगर इकाई का गठन किया गया. इकाई पुनर्गठन का प्रारंभ स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए कार्यक्रम प्रारंभ किया गया. मंच संचालन जिला एस एफ डि प्रमुख सुमन कुमार ने कि। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुरजीत कुमार ने छात्र-छात्राओ को संबंधित करते हुए अभाविप कि सांगठनिक विषयो से छात्राओं को अवगत कराया और विद्यार्थी परिषद से जुड़कर राष्ट्र पुनर्निर्माण में अपनी सहभागिता देने का आह्वान किया.




उन्होंने कहां कि विद्यार्थी परिषद छात्र हित समाज हित राष्ट्र हित मे कार्य करने वाली विश्व का सबसे बड़ा और अग्रणी छात्र संगठन है. अभाविप के बड़े बड़े आन्दोलन के माध्यम से छात्र-छात्राओ कि समस्याओ को दूर करता रहा है। आज मगध विश्वविद्यालय भष्ट्राचार मुक्त अभियान के तहत ही पूर्व कुपलपति और पदाधिकारी जेल के अन्दर गए और कई जाने वाले है।अभाविप मगध विश्वविद्यालय में शैक्षणिक समस्याओ को दूर करने हेतू निरन्तर आन्दोलन कर रही है। इकाई घोषणा छात्र नेता सम्राट राजू सिंह ने किया।

### बेहोशी की हालत में मिले अधेड़ की मौत

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के बिहारी मिल स्थित पेट्रोल पंप के पास बेहोशी की हालत में मिले अधेड़ की मौत हो गयी। इलाज के दौरान सदर अस्पताल में रविवार को उसने दम तोड़ दिया। मृत अधेड़ की पहचान नहीं हो सकी है। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर नवादा थाना पुलिस की ओर से शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। उसके बाद पुलिस शव की पहचान करने और मौत के कारणों की छानबीन में जुट गई है। पुलिस के अनुसार अधेड़ व्यक्ति की मौत बीमारी के कारण होना प्रतीत हो रहा है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर नवादा थाना क्षेत्र के बिहारी मिल स्थित पेट्रोल पंप के समीप अधेड़ बेहोशी की हालत में गिरे पड़े थे।




# चिलकहर चट्टी में अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, चार लोगों की मौत, एक दर्जन घायल

❒ चार का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज, चार रेफर
❒ सूरज पैलेस से खाना बनाकर टेम्पो से जा रहे थे मऊ

**केटी न्यूज/बलिया**

गड़वार थाना क्षेत्र के चिलकहर चट्टी के पुलिया के पास टेम्पो और टेम्पो की आड़ में सो रहे लोगों को शनिवार की रात करीब डेढ़-दो बजे किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें करीब दर्जन भर लोग घायल हो गए। जबकि चार लोगों की मौत हो गई। आसपास के लोगों ने घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहा जिला अस्पताल आठ लोगों का उपचार चल रहा है। वही चार लोगों को वाराणसी रेफर कर दिया गया है। सभी मृतक व घायल मऊ जिला के रहने वाले बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार फेफना थाना क्षेत्र के मिड्ढा गांव स्थित सूरज पैलेस में किसी मुस्लिम बिरादरी की शादी में सभी लोग खाना बनाने के लिए जिला मऊ से आए हुए थे। जिसमें कुल 11 बावर्ची थे और एक टेंपो चालक था। इस प्रकार कुल 12 लोग थे। शनिवार की रात खाना बनाने के बाद सभी लोग टेंपो में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। घायलों की माने तो वह किसी चिलकहर पुलिया के पास नींद आई तो कुछ लोग टेंपो में और कुछ सड़क के किनारे लेट गए। इस हादसे में चालक समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए। जिसमें से चार लोगों की मौत हो गई। घायलों में मोहम्मद आफताब 38 पुत्र इरशाद अहमद निवासी बारी खमरिया हैदर थाना खीरी बांध मऊ, सेराज 45 वर्ष पुत्र अलाउद्दीन निवासी मऊ, शमीम अहमद 42 वर्ष पुत्र स्वर्गीय अब्दुल अजीज निवासी डोमनपुरा बांध, थाना रोजा फाटल जिला मऊ, इस्माइल उम्र 26 वर्ष पुत्र जलालुद्दीन निवासी जमालपुर थाना बेलवा घाट जिला मऊ, मोहम्मद हासिम उम्र 21 वर्ष पुत्र सफरू रहमान निवासी अमीनपुरा थाना रउजा फाटक जिला मऊ, अमिताभ आलम पुत्र असनुला निवासी काशीपुर बड़ी मस्जिद रउजा फाटक जिला मऊ, इस्तकार अहमद पुत्र मुस्तकीम अहमद नियाज मोहम्मद तोला जिला मऊ, अबुलैस 42 नियाज तोला थाना सदर जिला मऊ के रहने वाले है।

## मृतकों की हुई शिनाख्त, घायलों को बनारस भेजा गया

फिरोज अहमद उम्र 45 पुत्र इजहार, खुर्शीद अहमद उम्र 58 पुत्र मुख्तार अहमद, मंजर कमाल उम्र 34 पुत्र स्व सब्बीरअहमद, मोहम्मद 65 पुत्र रफिल्लाह निवासी मऊ के रूप में परिजनों व रिश्तेदारों ने जिला अस्पताल पहुँच कर की। इस बाबत पुलिस अधीक्षक एस आनंद ने बताया कि बलिया से खाना बना करके सभी लोग टेंपो से मऊ जा रहे थे। रास्ते मे गड़वार थाना के चिलकहर के पास देर रात्रि किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। जिसमें चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें से चार लोगों को वाराणसी रेफर किया गया है।



## धक्के से बाइक सवार घायल

**गड़वार।** गड़वार-सुखपुरा मुख्य मार्ग पर त्रिकालपुर गांव के समीप रविवार को सुबह अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की सहायता से घायल को निजी वाहन द्वारा जिला अस्पताल भेजवाया। बांसडीह कचहरी के वार्ड नंबर 15निवासी जवाहर प्रसाद मौर्य उम्र लगभग 45वर्ष रविवार की सुबह बाइक से गड़वार की तरफ जा रहे थे अभी त्रिकालपुर गांव के समीप पहुंचे ही थे कि सामने से तेज रफ्तार किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया।जिससे बाइक सवार जवाहर सड़क किनारे दूर जा गिरे।

## खबरें फटाफट

### रेलवे ट्रैक पर शव मिलने से सनसनी

**फेफना (बलिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सिंहपुर चट्टी के सामने रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुचना पर पहुंची पुलिस ने शव का शिनाख्त करने का प्रयास किया, लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो पाया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह फेफना-रसड़ा रेलखंड पर सिंहपुर (हंकारपुर) के सामने रेलवे ट्रैक पर एक अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर देखते ही देखते लोगों की भीड़ इकट्ठी हो गई। इसकी सुचना किसी ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन शव का शिनाख्त नहीं हो पाया। मृतक गुलाबी रंग का चेकदार शर्ट, मटमैला रंग का पैंट व पीला रंग का चड्ढी पहना हुआ था। उनि रमांचल यादव ने बताया कि यह व्यक्ति किसी ट्रेन से गिर गया है । इसके पास बीड़ी और माचिस के सिवाय कुछ भी नहीं मिला है, जिससे उसकी शिनाख्त की जाए।

### सिकरिया खुर्द में गला काटकर युवक की हत्या

**बलिया।** गड़वार थाना क्षेत्र के सिकरिया खूर्द के गांव के एक कुए में गला काटकर युवक की हत्या कर दी गयी। उसका शव रविवार की सुबह कुए में मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार सिकरिया खुर्द गांव निवासी बब्लू पासवान (35 ) पुत्र बिन्दापति उर्फ चेथरु का गला काट कर कूंए में फेका शव मिला। आशंका व्यक्त की जा रही है कि बबलू की किसी ने गला काटकर हत्या करके शव को ठिकाने लगाने के उद्देश्य से कुएं में फेंक दिया होगा। मृतक के गले पर कटे के निशान मिले थे। मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुटी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक एस आनंद एवं अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी भी मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल किया ।

## ग्रामीणों ने पकड़ा तो ट्रक को पुलिस ने किया सीज

# सरयू नदी की कोख उजाड़ने में लगे सफेद बालू के कारोबारी

◆लोगों में चर्चा, खाकी और खादी का है कांबिनेशन

**तिलक कुमार, बलिया**

सिकंदरपुर क्षेत्र के कथोड़ा सरयू नदी की कोख सफेद बालू के कारोबारी उजाड़ रहे हैं। इनको इलाकाई पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। हालांकि पुलिस ने इससे इंकार किया है। खनन से घाघरा कराहने लगी है। कारोबारी स्थानीय पुलिस की मदद से सीधे नदी से लिफ्टर मशीन से बालू रात में सैकड़ो की संख्या में ट्रक व ट्रेलर में लादकर बड़े पैमाने पर दूर दराज के जिलों में भेज कर मोटी रकम वसूल रहे हैं और इसका खुलासा शनिवार की शाम लगभग 9:30 बजे तब हुआ जब कुछ ग्रामीणों ने सफेद बालू से लदे ट्रक को नगरा मोड़ पर रोक लिया और उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर रवि कुमार पासवान और क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा को सूचना दी।

सूचना मिलते ही जब दोनों अधिकारी मौके पर पहुंचे तो ट्रक पर सफेद बालू लदा हुआ था और उसमें से पानी की तेज धारा बह रही थी जिससे यह प्रतीत हो रहा था कि नदी से सीधा बालू ट्रकों में लदा जा रहा है।

इसकी सूचना तत्काल ही उपजिलाधिकारी द्वारा खनन अधिकारी व थानाध्यक्ष सिकंदरपुर को दिया गया खनन अधिकारी तो नहीं पहुंच पाए लेकिन थानाध्यक्ष को भी थाने से नगरा मोड़ आने में आधा घंटा लग गया। जिसको लेकर आम लोगों में भी तरह-तरह की चर्चा है। नदी में पानी होने के बावजूद भी कारोबारी सक्रिय हो गए हैं। खाकी व खादी की मिलीभगत से सरयू की कोख उजड़ रही है। हर रोज रात में सफेद बालू सैकड़ों ट्रक ट्रेलर व ट्राली में लिफ्टर मशीन लगाकर निकाली जा रही है।





**क्या बोले खनन अधिकारी**

सफेद बालू खनन व सफेद बालू से लड़े ट्रक पकड़े जाने की सूचना पर खनन अधिकारी जितेंद्र कुमार ने कहा कि सूचना मिली है। वहां एक कम्पनी को 5 वर्ष के लिए पट्टा भी दिया गया है। जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

**क्या बोले सीओ**

लिफ्टर मशीन से बालू खनन हो रहा है इसकी जानकारी मुझे नही है इस तरह का कारोबार यदि हो रहा है तो रोकना पुलिस की जिम्मेदारी है। जांच कर इसमें संलिप्त पुलिस कर्मी के विरुद्ध कार्रवाई होगी।

**भूषण वर्मा, क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर**

**क्या बोले एसडीएम**

ग्रामीणों द्वारा सफेद बालू लदा ट्रक पड़कर रोके जाने की सूचना दी गई थी इसके बाद मौके पर पहुंचकर ट्रक ड्राइवर से पूछताछ की गई उसके द्वारा बताया गया कि कथोड़ा से बालू लेकर आ रहा हूं उससे कागजात की मांग की गई तो उसके द्वारा एक बिल्टी दिखाई गई ट्रक पूरा ओवरलोड था खनन अधिकारी को इसकी सूचना रात ही में दे दी गई थी और ट्रक को सीज कर दिया गया है।

**रवि कुमार पासवान, उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर**

## पुलिस अधिकारी ने पूजा समितियों के साथ की बैठक, दिए कई निर्देश

**मऊ।** मोहम्मदाबाद गोहना कोतवाली परिसर में रविवार को आगामी पर्व दीपावली एवं छठ को देखते हुए कोतवाली क्षेत्र में स्थापित होने वाली माता लक्ष्मी की प्रतिमाएं को लेकर एक बैठक आयोजित की गई । बैठक को संबोधित करते हुए उप जिला अधिकारी हेमंत कुमार चौधरी एवं पुलिस उपाधीक्षक डॉक्टर अजय विक्रम सिंह ने उपस्थित समस्त मूर्ति आयोजकों को संबोधित करते हुए बताया कि शान द्वारा जारी किए गए गाइडलाइन का आप सभी पालन करें। डीजे की ऊंचाई मानक के तहत हो । पंडाल की ऊंचाई एवं डीजे बजाते समय उसके आवाज का पैमाना शासन द्वारा निर्धारित किए गए नियमों के तहत हो । अगर ऐसा नहीं होता है तो निश्चित रूप से आप लोग सरकार के नियमों का समस्त मूर्ति आयोजक पालन करें । त्योहार आप सभी का है मिलजुल कर मनाएं , प्रशासन पुलिस सदैव आपके साथ है। जो स्थान मूर्ति के लिए निर्धारित है उसी स्थान पर माता लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित करें और विधि विधान से माता लक्ष्मी का पूजन करें। पंडाल में अग्नि सुरक्षा हेतु फायर यंत्र बालू बड़े ड्रम में कम से कम 500 लीटर पानी सभी मूर्ति आयोजक रखें जिससे होने वाली दुर्घटनाओं से भी आप बचेंगे । मूर्ति आयोजिकों ने विद्युत सड़क एवं अन्य समस्याओं से भी प्रशासन तथा पुलिस को अवगत कराया जिस पर विभाग को एसडीएम एवं पुलिस उपाधीक्षक ने उनकी समस्या को बताते हुए त्योहार के पूर्व तक मामले का निस्तारण करने की भी निर्देश दिए गए हैं ।



## भरत मिलाप का सुंदर दृश्य देख भावविभोर हुए दर्शक, बहे आंसू

◆श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ रामलीला संपन्न

**केटी न्यूज/मऊ**

चिरैयाकोट नगर की ऐतिहासिक व पारंपरिक दस दिवसीय रामलीला का समापन शनिवार को भरत मिलाप व प्रभु श्रीराम के राज्याभिषेक के साथ सकुशल संपन्न हो गया। भरत मिलाप की लीला देख दर्शक भावविभोर हो गये तथा उनकी आंखें नम हो गयीं। तत्पश्चात 14 वर्ष वनवास काटकर अयोध्या आये प्रभु श्रीराम का गुरु वशिष्ठ ने राज्याभिषेक किया। राज्याभिषेक के दौरान निर्देशक व संचालक एडवोकेट अशोक कुमार अश्क चिरैयाकोटी ने मंगलगान प्रस्तुत किया । अंत में दस दिवसीय रामलीला के मंचन में सहयोग प्रदान करने एवं सकुशल संपन्न कराने हेतु समिति के समस्त सदस्यों, अतिथियों एवं दर्शकों के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर भूपेन्द्र मौर्य,प्रकाश पाण्डेय,श्रेय उपाध्याय,विशाल मद्धेशिया, आशुतोष पाण्डेय, दीपक पाण्डेय ,राजीव जायसवाल, सोहनलाल,समीर,शुभम विश्वकर्मा आदि ने अपने अभिनय से दर्शकों को प्रभावित किया। मंचन में प्रेमचन्द मौर्य, सुभाषचंद्र जायसवाल, मनोज मद्धेशिया, रामकुमार जायसवाल, गनेश मद्धेशिया, शिवाश्रय पाण्डेय आदि ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।



## कांग्रेस ने दलित समाज को समृद्ध बनाने का काम किया: विश्व विजय

**मऊ।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर चलाए जा रहे दलित गौरव संवाद, का आयोजन मऊ सदर विधानसभा के रतनपुरा ब्लॉक के बहरवार ग्राम पंचायत कि दलित बस्ती में रविवार को चौपाल का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने दलित समाज के उत्थान के लिए अनेक कार्य किया।

लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण, नौकरियों में आरक्षण कांग्रेस सरकार ने दिया, देश के आजाद होने के बाद डॉ भीमराव अंबेडकर जी को कांग्रेस ने भारत का कानून मंत्री बनाया, दलित बेटी मीरा कुमार को लोकसभा का अध्यक्ष बनाया, वर्तमान में राष्ट्रीय अध्यक्ष दलित का बेटा मल्लिकार्जुन खड़गे हैं ।उन्होंने कांग्रेस शासन में दलितों को दिए गए सम्मान की विस्तार से चर्चा की ।

## जिला कारागार में विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन



**केटी न्यूज/मऊ।**

उप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण,लखनऊ के निर्देश के क्रम में जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला कारागार में विधिक साक्षरता/जागरुकता शिविर आयोजित की गयी।

अपर जनपद न्यायाधीश पॉक्सो कार्ट राजबीर सिंह द्वारा जिला कारागार में निरुद्ध बंदी गण को साम्प्रदायिक सौहार्द एवं सदभावना बनाये रखने हेतु आग्रह किया और बताया कि सदभावना मानव में श्रेष्ट गुणों का विकास करता है। इसके साथ ही उनके द्वारा (पाक्सों) प्रोटेक्शन आफ चिल्ड्रेन फ्राम सेक्सुअल अफेन्स अधिनियम के बावत सजा के प्रावधानों एवं अधिनियम के लागू किये जाने उद्देश्य के बावत जानकारी दी गयी। असहाय व असक्षम व्यक्तियों हेतु उपलब्ध कराये जा रहे निःशुल्क विधिक सहायता एवं पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना आदि के बारे में विधिक प्रक्रिया की जानकारी के साथ सहायता प्राप्ति हेतु जेल लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से उपलब्ध निःशुल्क विधिक सेवा की जानकारी प्रदान कर जागरुक किया गया।

## मन की बात कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**मऊ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा आकाशवाणी से प्रसारित पीएम मोदी द्वारा सम्बोधित मन की बात कार्यक्रम का आयोजन जनपद के समस्त बूथों पर आयोजित हुआ। कोपागंज मण्डल के सहरोज ग्राम में स्थानीय निवासियों के साथ आयोजित हुई। मन की बात के 106 वें संस्करण को भाजपा जिलाध्यक्ष नूपुर अग्रवाल के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारी मोर्चे के पदाधिकारी व अन्य कार्यकताओं ने एक साथ सुना। प्रधानमंत्री मोदी ने बताया कि सरदार पटेल की जयंती पर युवाओं के सबसे बड़ा संगठन बनाया जाएगा। यह संगठन, भारत के युवाओं को राष्ट्रनिर्माण के विभिन्न आयोजन में अपनी भूमिका निभाने का अवसर देगा। ये विकसित भारत की सक्रिय भूमिका में युवाओं के महत्व को बढ़ाएगा। मोदी ने आगामी त्योहारों की अग्रिम शुभकामना देते हुए लोकल फॉर वोकल की तर्ज पर स्थानीय कलाकारों व कारीगरों से खरीदारी हेतु जोर दिया।




## तहसील स्तरीय कार्यों की समीक्षा बैठक में मऊ के जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

# भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चला कार्रवाई करें

◆गौशालाओं में शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कर करने के निर्देश दिए।

**केटी न्यूज/मऊ**

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में राजस्व वादों के निस्तारण की अद्यतन स्थिति, अन्य राजस्व कार्यों, कोर्ट केस/ अवमानना वाद, सरकारी योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता सहित अन्य तहसील स्तरीय कार्यों की समीक्षा बैठक कैंप कार्यालय स्थित सभागार में संपन्न हुई।

जल जीवन मिशन की परियोजनाओं हेतु भूमि उपलब्धता की समीक्षा के दौरान मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि तहसील मधुबन में जल जीवन मिशन परियोजना हेतु भूमि के चिन्हीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है, शेष तहसीलों में अभी भूमि चिन्हीकरण का कार्य लंबित है। जिलाधिकारी ने संबंधित उप जिलाधिकारियों को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करते हुए भूमि के उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नई गौशालाओं हेतु भूमि की उपलब्धता के संबंध में मुख्य राजस्व अधिकारी ने बताया कि जनपद में 09 नई गौशालाएं बनाए जाना हैं, जिसमें 6 बनकर तैयार हैं शेष तीन गौशालाएं बनाया जाना लंबित है।



जिलाधिकारी ने लंबित अवशेष गौशालाओं में शीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण कर करने के निर्देश दिए। एंटी भू-माफिया टास्क फोर्स की तहसीलवार समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि भू माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करें। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय हेतु भूमि की उपलब्धता की समीक्षा के दौरान जनपद में अभी तक मात्र पांच स्थानो के लिए भूमि का चिन्हीकरण होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शेष स्थानों के लिए सभी उप जिलाधिकारियों को भूमि उपलब्ध कराने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए। सड़कों के किनारे अवैध अतिक्रमण हटाये जाने के कार्यों के संबंध में जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देश दिए कि समस्त नगर पंचायतो में अभियान चलाकर पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। मतदाता सूची पुनरीक्षण में नए मतदाताओं को जोड़ने के लिए विद्यालयों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम कराकर 1 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले समस्त पात्र लोगों को का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिए गए।

## खबरें फटाफट

### राम कथा शुभारंभ होने से पहले कलश की हुई स्थापना

**चंदौली।** श्री राम जानकी शिव मठ मंदिर में रविवार को पंकज तिवारी द्वारा मन्त्रोच्चारण से साथ कलश की स्थापना की गई। इसमे श्री राम कथा 31 अक्टूबर से 7 नवंबर तक होगा।इसमें लगभग 16-20 मानस प्रवक्ताओं का आयोजन है। श्री राम कथा अपराहन 2बजे से सायं 5 बजे तथा शाम 7बजे से 12 बजे तक चलेगा।वहीं 8 नवंबर को राज्याभिषेक का मंचन बाहरी कलाकारों द्वारा किया जाएगा।

### 1965 मरीजों का हुआ परीक्षण

**चंदौली।** जनपद के 21 ग्रामीण एवं दो शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले मे स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ आयुष्मान भारत के अन्तर्गत लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाने एवं कोविड-19 के लक्षणयुक्त मरीजों की जांच की गई।

इस दौरान चिकित्सकों ने कुल 1965 मरीजों का उपचार किया गया। जिसमें 794 पुरुष, 852 महिला एवं 319 बच्चे थे। आज कुल 71 लाभार्थियों के गोल्डेन कार्ड बनाए गए एवं स्वास्थ्य केन्द्रों पर बनाए गए कोविड हेल्प डेस्क पर 301 मरीजों का परीक्षण किया गया। इसमें से किसी भी मरीज की रिपोर्ट पाजिटीव नहीं आई है।

### बेटी को फोन पर बात करने के बारे में पूछने पर घर छोड़कर भागी

**गाजीपुर।** शादियाबाद थाना क्षेत्र के एक गांव में बीती रात मोबाइल पर फोन से बात कर रही बेटी से मां का डांट कर पूछना महंगा पड़ गया। रात में ही नाबालिग लापता हो गई। देर शाम शादियाबाद में पीड़िता की मां ने थाने में तहरीर देकर बेटी को खोजने की लगाई गुहार। शादियाबाद एसओ सतेंद्र राय ने बताया तहरीर मिली है, जांच किया जा रही है।

### ट्रेन में अतिरिक्त कोच लगाने का निर्देश

**गाजीपुर।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की हो रही भीड़ को ध्यान में रखते हुए यात्री जनता की सुविधा के लिए निम्नलिखित गाड़ियों में अतिरिक्त कोच निम्नवत लगाए जाएंगे। -15054/15053 लखनऊ जं.-छपरा-लखनऊ जं. एक्सप्रेस में लखनऊ जं. से 29 अक्टूबर, को एवं छपरा से 31 अक्टूबर एवं 01 नवम्बर, को शयनयान श्रेणी का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा। -15083/15084 छपरा-फर्रुखाबाद-छपरा एक्सप्रेस में छपरा से 29 एवं 30 अक्टूबर, को एवं फर्रुखाबाद से 30 एवं 31 अक्टूबर को शयनयान श्रेणी का 01 अतिरिक्त कोच लगाया जाएगा। -12531/12532 गोरखपुर-लखनऊ जं.-गोरखपुर एक्सप्रेस में गोरखपुर एवं लखनऊ जं. से 29 अक्टूबर को संशोधित रेक संरचना के अनुसार द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान के 02 कोच के स्थान पर साधारण द्वितीय श्रेणी कुसीर्यान श्रेणी के 01 एवं साधारण द्वितीय श्रेणी के 01 कोच लगाया जायेगा।

### राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का समापन

**गाजीपुर।** युवराजपुर में स्व. नीतेश सिंह व स्व. पुष्पेन्द्र सिंह के स्मृति में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का भव्य समापन बीते रात्रि को सम्पन्न हो गया। खेले गए इस फाइनल मुकाबले में मेहमान पटना ने मेजबान युवराजपुर को लगातार दो सेटों 25-22, 27-25 से पराजित कर प्रतियोगिता जीत कर कप पर कब्जा जमा लिया। मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी व वालीबाल टीम के कोच कमलेश सिंह टुन्ना ने विजेता व उपविजेता टीमों को कप देकर पुरस्कृत किया। फाइनल मैच में बेहतर प्रदर्शन करने पर युवराजपुर के सत्यम को मैन आफ द मैच का पुरस्कार प्रदान किया गया।

# पंजीकृत किसानों को तीन दिन में भुगतान कराने को प्रतिबद्ध योगी सरकार

## 24 जनवरी तक तय की गई है दलहन व तिलहन की खरीद, खाते का आधार से लिंक होना अनिवार्य

**केटी न्यूज, लखनऊ**

अन्नदाता किसान योगी सरकार की प्राथमिकता में हैं। पीएम मोदी के मार्गदर्शन में निरंतर केंद्र व योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार किसानों के हित में कार्य कर रही है। कृषि विभाग ने किसानों से कहा है कि दलहन-तिलहन के लिए क्रय केंद्रों पर ऑनलाइन पंजीकरण कराएं। योगी सरकार महज तीन कार्य दिवस में इसका भुगतान कराएगी। गौरतलब है कि सरकार ने 25 अक्टूबर से दलहन-तिलहन की खरीद शुरू कर दी है, जो 24 जनवरी तक चलेगी। दलहन (मूंग व उड़द) तथा तिलहन (मूंगफली व तिल) उत्पादक जनपदों में पीसीएफ, पीसीयू द्वारा संचालित क्रय केंद्रों से यह खरीद होगी।



### आधार व बैंक पासबुक में होनी चाहिए समान जानकारी

दलहन व तिलहन खरीद के लिए सरकार तीन कार्य दिवस में किसानों का भुगतान करेगी। भुगतान के लिए किसानों का बैंक खाता आधार से लिंक होना चाहिए। पंजीकरण के समय किसानों को आधार कार्ड के साथ मोबाइल नंबर दर्ज करना होगा। किसानों का ध्यान देना होगा कि पंजीकरण उसी मोबाइल नंबर से कराना होगा, जो आधार व बैंक से लिंक्ड होगा। साथ ही आधार और बैंक पासबुक में नाम, पिता का नाम व मोबाइल नंबर भी समान हो। ऐसा होने से पारदर्शिता से निश्चित समय के अंदर योगी सरकार किसानों को भुगतान करेगी।

### झांसी, महोबा समेत कई जिले हैं दलहन-तिलहन के उत्पादक

झांसी, महोबा समेत कई ऐसे जिले दलहन (मूंग व उड़द) तथा तिलहन (मूंगफली व तिल) फसलों के उत्पादक हैं, जबकि कई जिलों में अलग-अलग इनकी खेती होती है। झांसी, उन्नाव, महोबा मूंग-उड़द, तिल और मूंगफली उत्पादक जिले हैं। बांदा, हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर व रायबरेली उड़द, तिल व मूंगफली तीनों के उत्पादक हैं। इसके अलावा कहीं मूंग तो कहीं मूंगफली की उत्पादकता अधिक है।

### सबसे अधिक उड़द की खरीद का लक्ष्य

दलहन-तिलहन के लिए सरकार ने सबसे अधिक उड़द की खरीद का लक्ष्य तय किया है। इसके बाद यह क्रम मूंगफली, तिल व मूंग का है। इसके साथ ही इन फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की जानकारी भी किसानों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। अब समयबद्ध तरीके से इसे आगे बढ़ाया जा रहा है।

## बिजली की व्यवस्था पर ही लगभग 400 करोड़ रुपए खर्च करेगी योगी सरकार

# महाकुंभ : 67 हजार से ज्यादा स्ट्रीट लाइट से जगमग होगा मेला क्षेत्र, चकाचक होंगे घाट

- 109 डीजी सेट से पूरे मेला क्षेत्र में मिलगी 24 घंटे बिजली
- 2 हजार सोलर हाईब्रिड स्ट्रीट लाइटों का भी होगा इंतजाम



### महाकुंभ के बाद माघ मेले में काम आएंगे सारे उपकरण

मेला क्षेत्र में बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त मैन पॉवर और अत्याधुनिक उपकरणों के लिए योगी सरकार ने अभी से तैयारियां शुरू कर दी है। इनमें स्ट्रीट लाइट की रिपेयरिंग के लिए चार आधुनिक वैन लगाये जाएंगे। महाकुंभ मेला खत्म होने के बाद इन वैनों का उपयोग आगामी माघ मेलों और प्रयागराज शहर के स्ट्रीट लाइटों के लिए किया जाएगा। इसके अलावा चार मोबाइल हाईमास्ट जनरेटर भी लगाये जाएंगे। इनका उपयोग मेले के विद्युतिकरण से पहले मेला क्षेत्र में विभिन्न कार्यस्थलों पर रोशनी देने के लिए किया जाएगा। महाकुंभ मेला खत्म होने के बाद इन मोबाइल हाईमास्ट जनरेटर का उपयोग आगामी माघ मेलों और प्रयागराज शहर के लिए किया जाएगा।

**केटी न्यूज ,लखनऊ**

प्रयागराज का महाकुंभ 2025 हर दृष्टिकोण से ऐतिहासिक होने जा रहा है। गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों की संख्या में आस्थावान सनातनी पूरी दुनिया से प्रयागराज में उमड़ेंगे। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशानिर्देश पर महाकुंभ को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। योगी सरकार ने महाकुंभ 2025 को सुरक्षित और सुविधाजन बनाने के लिए लगभग ढाई हजार करोड़ रुपये का बजट पहले ही तय कर दिया है। वहीं अकेले बिजली की व्यवस्था पर ही सरकार तकरीबन 400 करोड़ रुपए खर्च करने जा रही है, जोकि 2018-19 के कुंभ की तुलना में दोगुना है।

### निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए लगेंगे 109 डीजी सेट

बता दें कि 2018-19 में सरकार ने 192 करोड़ रुपये खर्च किये थे, जबकि इस बार ये रकम 400 करोड़ के करीब है। पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र को दूधिया रोशनी से जगमग करने के लिए 67 हजार से भी अधिक स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। इनमें लगभग दो हजार सोलर हाईब्रिड स्ट्रीट लाइटें होंगी, जिन्हें प्रमुख घाटों और मेला क्षेत्र में सड़कों के जंक्शन पर स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए योगी सरकार 109 डीजी सेट की भी व्यवस्था करेगी। जिससे पूरे मेला को 24 घंटे बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा 11 केवी के 15 रिंग मेन यूनिट्स भी लगाए जाएंगे, जिनसे अचानक पॉवर सप्लाई बाधित होने की दशा में तत्काल दूसरे स्रोत से बिजली को ऑटो चेंज करके प्राप्त किया जा सके। इन्हें हर 6 सब स्टेशन के बाद स्थापित किया जाएगा।

### आईसीटी के जरिए तुरंत लग सकेगा फॉल्ट का पता

इतना ही नहीं मेले में लगे स्ट्रीट लाइट और तारों की देखरेख के लिए इन्फॉर्मेशन एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी (आईसीटी) की मदद ली जाएगी। तकरीबन डेढ़ लाख आईसीटी बेस्ड मॉनीटरिंग सिस्टम में क्यू आर कोडिंग और जीओ टैगिंग के जरिए बिजली आपूर्ति की मॉनीटरिंग की जाएगी। इससे फॉल्ट और करेंट लीकेज का तत्काल पता लगाकर उन्हें जल्द से जल्द ठीक करने में मदद मिलेगी। मेला क्षेत्र में बिजली व्यवस्था की मॉनीटरिंग के लिए पूरे इलाके की ऑटोकैड के जरिए प्रॉपर मैपिंग कराई जाएगी।

## महायज्ञ के अंतिम दिन निवासचार्य महाराज ने दिया आशीर्वचन



**केटी न्यूज/ चहनियां**

(चंदौली)। क्षेत्र के कांवर स्थित महालक्ष्मी मां महड़ौरी देवी मंदिर परिसर में चल रहे चतुर्मासा महायज्ञ के पांचवें व अंतिम दिन देर शाम को पहुँचे गादी के स्वामी सन्त श्री निवासाचार्य व कांची मदुरई से पधारे बालक स्वामी का पुष्प वर्षा कर जमकर स्वागत हुआ ।

प्रबचन स्थल पर गद्दी पर विराजमान श्री निवासाचार्य महाराज का चार महीने तक कथा करने वाले अयोध्या के पीठाधीश्वर बिद्या भास्कर जी महाराज ने पांव पधार कर चरण स्पर्श किया । देर रात तक चले वैष्णव सन्त सम्मेलन में तमाम वैष्णव सम्प्रदाय के सन्तो,सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, काशी हिंदू विश्वविद्यालय के विद्वानों संग विद्वत सभा का आयोजन हुआ। लक्ष्मी नारायण व मां महड़ौरी देवी के जयकारों से स्थल गूंज उठा । गादी के स्वामी सन्त श्रीनिवासाचार्य महाराज ने पीठाधीश्वर विद्या भास्कर महाराज, यज्ञ समिति व क्षेत्र को सफल महायज्ञ कराने के लिए आशीर्वाद दिया ।

उन्होंने कहा कि महायज्ञ कराना बहुत बड़ी बात है ।

## ट्रेनों व स्टेशनों पर बढ़ते अपराध पर लगाएं अंकुश

**पीडीडीयू नगर।** राजकीय रेलवे पुलिस के पुलिस अधीक्षक अष्टभुजा सिंह ने स्थानीय रेलवे स्टेशन पहुंच कर जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जीआरपी कर्मियों से यात्रियों की सुरक्षा के लिए ट्रेनों में और रेलवे स्टेशन पर गश्त बढ़ाने का निर्देश दिया। उन्होंने अपराध समीक्षा करते हुए बढते अपराध पर रोक लगाने का निर्देश दिया। राजकीय रेलवे पुलिस के पुलिस अधीक्षक अष्टभुजा सिंह सीओ कुंअर प्रभात सिंह के साथ जीआरपी थाने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने कार्यालय, मालखाना, शस्त्रागार, कारागार, उपस्थिति रजिस्टर,आदि का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ बैठक कर ट्रेन स्कॉट व्यवस्था, सुरक्षा और अपराध की समीक्षा की। उन्होंने सुरक्षा सम्मेलन किया। उन्होंने जीआरपी कर्मियों से अपराध पर रोक लगाने के लिए स्टेशन और ट्रेनों में गश्त बढ़ाने और सतर्क रहने का निर्देश दिया।

## आम लोगों से पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ने की अपील



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

जखनियां तहसील में व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने मन की बात में प्रधानमंत्री के साथ का 106वां एपिसोड रेडियो पर राजमिस्त्री व मजदूरों के साथ सुना। उक्त अवसर पर प्रमोद वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बातों को याद दिलाते हुए कहा कि इस बार त्योहारों पर हम ऐसे ही उत्पाद खरीदें जिसमें देशवासी के पसीने की महक हो, देश के युवा का टैलेंट हो। इससे देशवासियों को रोजगार मिलेगा।

प्रधानमंत्री ने त्योहारों पर स्वदेशी सामान ही खरीदने की अपील की ताकि सभी देशवासियों को इसका फायदा मिल सके। वर्मा ने लोगों से पीएम विश्वकर्मा योजना से जुड़ने की भी अपील की और कहा इसमें 18 प्रकार के कारीगरों को उत्कृष्ट ट्रेनिंग दी जाएगी, साथ ही उनको पेयभत्ता, टूलकिट दिया जाएगा। और अपने रोजगार को शुरू करने के लिए न्यूनतम 5 के दर पर उनको 3लाख तक की लोन की सुविधा बिना गारंटी के उपलब्ध कराई जाएगी।

## जखनियां में विधानसभा स्तरीय नारी शक्ति वंदन सम्मेलन संपन्न

# नारियों के सम्मान व समृद्धि के लिए है नारी शक्ति वंदन कानून

- देश की यह पहली सरकार, जिसने महिलाओं के हक और अधिकार को समझा



**केटी न्यूज/ गाजीपुर**

विधानसभा स्तरीय ₹नारी शक्ति वंदन सम्मेलन₹ के क्रम में सदर, सैदपुर ,जमानिया, जंगीपुर और जहूराबाद के बाद रविवार को जखनियां विधानसभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज मिश्रा के नेतृत्व में दुल्लहपुर (जलालाबाद) के क्लासिक गार्डेन में डा. साधना पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। सम्मेलन की मुख्य अतिथि भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरोज कुशवाहा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश की महिलाओं का सम्मान बढ़ा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की महिलाओं के सर्वांगीण चतुमुर्खी विकास और सम्मान के लिए लाया गया, नारी शक्ति वंदन कानून नारियों के सम्मान और समृद्धी के लिए एक सर्वाधिक सराहनीय निर्णायक प्रयास है। यह कानून महिलाओं के सम्मान के साथ- साथ आरक्षण अधिकार से उनके जीवन को जहां श्रेष्ठता प्रदान करेगा वहीं उनकी हीन दीन दशा को समाप्त करेगा।

लोकसभा संयोजक कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि देश की यह पहली ऐसी सरकार है। जिसने महिलाओं के हक और अधिकार को समझा है। साथ ही उनके नाम से राशनकार्ड, उज्जवला गैस, इज्जत घर, आवास आदि देकर उनके सम्मान और अधिकार को बढ़ाने का काम किया है।

पूर्व जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि तीन दशकों से लम्बित पड़ा यह महिला आरक्षण बिल 21 सितम्बर 2023 को भारतीय संसद में पारित हो गया।यह कानून महिलाओं के सम्मान एवं उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सोच 2047 तक देश को विश्व शिखर पर स्थापित करने में भारतीय महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण भागीदारी और जिम्मेदारी के साथ बढ़ गई है।

नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सरिता अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति धन्यवाद प्रस्ताव पटल पर रखा। जिसे सम्मेलन में शामिल महिलाओं ने जोरदार ध्वनि से पारित किया। सबके प्रति धन्यवाद आभार कार्यक्रम संयोजक सरोज मिश्रा ने व्यक्त किया। सम्मेलन का संचालन महामंत्री माया सिंह ने किया। इस अवसर पर साधना राय, किरन सिंह, मधुबाला सिंह, पुष्पा पाठक, रीना सिंह, गुड्डी पांडेय, फुलझारी देवी, लालमूनी गौड़, कंचन गिरि आदि महिलाएं उपस्थित थीं।

## एक नजर

### सनकी युवक ने चाकू से गोदकर अधेड़ की दिनदहाड़े की हत्या



**गाजीपुर।** पुरानीगंज मुहल्ले में सनकी युवक ने चाकू मारकर अधेड़ की दिनदहाड़े हत्या कर दी। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर सनकी युवक को अरेस्ट कर तहकीकात में जुट गई है। बता दें कि रामभानू राय उर्फ गुड्डू राय (50) निवासी पुरानीगंज अपने घर जा रहे थे कि रास्?ते में सनकी युवक ने उनको चाकू से गोदकर हत्या कर दी।कासिमाबाद पुलिस उपाधीक्षक ने बताया कि हत्?यारे को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। घटना स्थल पर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण मौके पर पहुंच कर घटना की जानकारी ली।

### टांडाकला में मिले शव की हुई शिनाख्त

**चंदौली।** बलुआ थाना क्षेत्र के टांडाकला के सेमरी घाट पर मिले युवक के शव की शिनाख्त अदलहाट मिजार्पुर थाना क्षेत्र के नई बस्ती शेरपुर निवासी पवन प्रजापति (19 वर्ष ) के रुप में हुयी। मृतक के पिता समेत आये परिजनों ने शव को देखकर उसकी मोबाइल, सिम व उसके पहनावे से उसकी पहचान किया। शिनाख्त करने परिवार जनों के साथ आये पिता राजकुमार प्रजापति ने बताया कि मृतक पवन चार भाई बहनों अजय, पवन शुभम व अंजली में दूसरे नंबर का था। यह घर के पास एक कॉलेज से बीए की पढ़ाई के साथ साथ कंप्यूटर सीख रहा था। बीते बुधवार को शाम चार बजे कंप्यूटर पढ़ने के लिए घर से निकला लेकिन घर वापस नहीं आया। उसी दिन शाम 6:49 बजे उसकी बहन से मोबाइल पर बात हुयी लेकिन 6:55 पर फोन करने पर मोबाइल स्विच ऑफ हो गयी थी। जिसके बाद से खोजबीन करते हुए अदलहाट थाने में गुमसुदगी दर्ज कराया था। कल समाचार पत्रों में छपी खबर के आधार पर बलुआ पुलिस से संपर्क करके शव का शिनाख्त किया और चौकी प्रभारी मारूफपुर अभिषेक शुक्ला के साथ सेमरी घाट पर पहुंचकर कपड़ों व मोबाइल आदि को देखा।

### युवक ने हमीद सेतु पर बैग रख गंगा नदी में लगाई छलांग, नहीं मिली जानकारी

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गंगा नदी पर स्थित हमीद सेतु से रविवार की शाम एक अज्ञात युवक ने अपना बैग रेलिंग किनारे रखकर नदी में छलांग लगा दी। गुजर रहे लोगों की नजर जब छलांग लगा रहे युवक पर पड़ी तब तक काफी देर हो चुकी थी।घटना की जानकारी होते ही सेतु पर राहगीरों की काफी भीड इकठ्ठा हो गई। लोगों ने इसकी सूचना रजागंज पुलिस चौकी को दी तो महकमें में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज भूपेन्द्र कुमार निषाद मय दलबल संग घटना स्थल पर पहुंच गए। मौके पर मिले एक लाल वैग को पुलिस ने कब्जे में लेकर छानबीन में जुटने के साथ ही नाविकों के जरिए कूदने वाले की तलाश शुरू कर दी। मगर उसका कुछ पता नहीं चल सका। इस दौरान पुलिस ने जब घटना स्थल से मिले एक लाल वैग की तलाशी शुरू की, तो उसमें चढ्ढी, गंजी, शर्ट ब्रश, नमकीन आदि के साथ बस्ती से नौसढ़ रोडवेज बस का एक टिकट मिला। इसके अतिरिक्त उसके पहचान से संबंधित कोई भी कागजात न मिलने से पुलिस की उलझन बढ़ गई है।

### राष्ट्रीय लोकदल भाईचारा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन



**गाजीपुर।** राष्ट्रीय लोकदल भाई चारा जिला कार्यकर्ता सम्मेलन रमाशंकर बाल गोपाल महाविद्यालय माऊपारा परिसर में आयोजित किया गया। इसे संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी कार्यकताओं को जूट जाना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ता ही संगठन की रीढ़ हैं।उसके बल पर ही पार्टी चलती है।। केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों से प्रदेश की जनता मंहगाई की मार से कराह रही है। बेरोजगारी चरम सीमा पर ह?।किसान बदहवाल हैं। देश की अर्थ ब्यस्था 7-8 प्रतिशत लोगों के हाथों में सिमट कर रह गई है।पूरे देश में 97 लाख पद रिक्त हैं, जिस पर भर्ती नहीं किया जा रहा है। सारे ठीके गुजरात के लोगों को दिया जा रहा है। इंडिया दल के लोगों को जेलों में बंद किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा संविधान, लोकत्रंत व किसानों की खुशहाली के लिए राष्ट्रीय लोकदल को मजबूत करें। इण्डिया दल से जो भी उम्मीदवार आए।

### किसानों ने दी चेतावनी... उचित मुआवजा के बिना नहीं होने देंगे अधिग्रहण

**चंदौली।** किसान न्याय मोर्चा और भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों की बैठक रविवार को फगुईया में हुई। इसमें प्रभावित किसानों ने उचित मुआवजे की मांग की और चेतावनी दिया कि अगर उचित मुआवजा नहीं मिला तो भूमि अधिग्रहण किसी भी सूरत में नहीं होने दिया जाएगा। इस दौरान किसान न्याय मोर्चा के अध्यक्ष महेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि किसानों को जिस तरह लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता द्वारा उल- जलूल तरीके से नोटिस जारी किया गया है। जबकि नोटिस जारी करने का अधिकारी जिलाधिकारी या अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा जारी किया जाना चाहिए। कहा कि भूमि अधिग्रहण अधिनियम में चार गुना मुआवजा देने का प्रावधान है। जिसका अनुपालन नहीं किया जाना शर्मनाक है। गोविंद उपाध्याय द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल याचिका में जिलाधिकारी को तलब किया गया है। इस दौरान शमीम अहमद मिल्की ,इंद्रजीत शर्मा, धर्मदेव कुशवाहा ,रोहित यदुवंशी उपस्थित रहे।